37 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर



वर्ष-37 अंक-51 | रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेलबर्न स्टेडियम में भारतीय कम्यूनिटी को किया संबोधित

# आज चिप से लेकर शिप तक, मैन्युफेक्चरिंग का भारत में नया इकोसिस्टम डेवलप किया जा रहा : पीएम मोदी

**मेलबर्न (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मेलबर्न स्टेडियम में भारतीय कम्यूनिटी को संबोधित किया। इस दौरान आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज भी मौजूद रहे। 30 हजार से अधिक भारतीय समुदायों से भरे स्टेडियम में सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज चिप से लेकर शिप तक, मैन्युफेक्करिंग का भारत में एक नया इकोसिस्टम डवलप किया जा रहा है। बीते 12 वर्ष में, मेक इन इंडिया ग्लोबल ब्रांड बना। हमारे मोबाइल फोन, हमारे इलेक्ट्रॉनिक्स, दुनियाभर में पहुंचे। हमारे ऑटोमोबील, हमारे फार्मा प्रोडक्ट्स का ग्लोबली और विस्तार हुआ। भारत के डिफेंस प्लेटफॉर्म की कैपेबिलिटी और क्रेडबिलिटी, दुनिया देख रही है। भारत इतने पर ही रुकना नहीं चाहता, भारत कह रहा है-ग्रो मोर, एचीव मोर।



पीएम मोदी ने कहा कि मैं, मेरे मित्र, भारत के मित्र, प्राइम मिनिस्टर एंथनी अल्बनीसी का भी आभारी हूं। आप सिडनी में भी साथ थे, और आज यहां मेलबन में भी, भारतीय कम्यूनिटी के बीच आए हैं। और ये एक प्रकार से फुल सर्कल हो गया है। मैं विक्टोरिया के प्रीमियर का भी उनके ऊर्जा भरे शब्दों केलिए, भारत के प्रति इतने स्नेह से उन्होंने जो कहा उसके लिये उनका भी आभार व्यक्त करता हूँ। पीएम मोदी ने कहा कि मैं जब साल 2014 में ऑस्ट्रेलिया आया था तो 28 साल के बाद, भारत का कोई पीएम यहां पहुंचा था। और आप याद कीजिए तब मैंने कहा था कि अब आपको 28 साल इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पिछले 12 वर्षों में मैं तीसरी बार यहां आया हूं यानि इस बार हैट्रिक लगी है। ये दिखाता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्ते किस उंचाई पर हैं। और जानते हैं इसमें सबसे बड़ी भूमिका किसकी है? मोदी की नहीं, इसमें आप सभी साथियों की भूमिका है, इंडियन डायस्पोरा की भूमिका है।

**हम भारतीय ऐसे ही हैं, जैसे दूध में चीनी मिल जाती है :** पीएम मोदी ने कहा कि हम भारतीय ऐसे ही हैं, जैसे दूध में चीनी मिल जाती है, उसे और मीठा कर देती है, वैसे ही हम भारतीय दुनिया में अपने प्रेम का रंग घोलते रहते हैं। घर में दूध, ऑस्ट्रेलिया वाला आता है, लेकिन चाय भारत वाली बनती है। दाल-सब्ज़ियाँ ऑस्ट्रेलिया की हैं लेकिन उनमें तड़का देसी मसालों का लगता है। आपने सुना होगा भारत में आजकल भजन क्लबिंग का नया ट्रेंड चल रहा है।

### भारत को यूरेनियम सप्लाई करेगा ऑस्ट्रेलिया, दोनों देशों के बीच हुआ समझौता

**मेलबर्न।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को यूरेनियम डील पर मुहर लग गई है। इसे भारत के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। मेलबर्न में पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, स्पेस और महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत कई क्षेत्र में समझौतों की घोषणा की। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर भी विकसित करेंगे। कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल बनाया जाएगा, जिससे भारत के गगनयान मिशन को मदद मिलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि आज हम साल 2015 के आस्ट्रेलिया-भारत परमाणु सहयोग समझौते के तहत शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए भारत को यूरेनियम निर्यात करने की व्यवस्था पर हस्ताक्षर की पुष्टि कर सकते हैं। मोदी ने 16 साल के बच्चों को सोशल मीडिया बैन करने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की तारीफ की।

### हमने ऑस्ट्रेलिया-भारत की क्षमताओं के साथ भावी साझेदारी का एक मजबूत फ्रेमवर्क तैयार किया है : पीएम मोदी

**मेलबर्न।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने गुरुवार को मेलबर्न में संयुक्त रूप से ऑस्ट्रेलिया-भारत सीईओ फोरम और इकोनॉमिक रोडमैप बिजनेस कार्यक्रम को संबोधित किया। इन दोनों कार्यक्रमों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख सीईओ व बिजनेस लीडर्स, ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख सुपरएनुएशन फंड तथा संस्थागत निवेशकों के प्रतिनिधियों और ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भाग लिया। सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी कहा कि बीते वर्षों में हमने दोनों देशों की क्षमताओं के साथ भावी साझेदारी का एक मजबूत फ्रेमवर्क तैयार किया है। साल 2022 में रिकॉर्ड समय में किए गए एक्टा समझौते से हमारी आर्थिक साझेदारी और सशक्त हुई है। इसके लागू होने के बाद भारत से ऑस्ट्रेलिया को एक्सपोर्ट डबल हुआ है, और दोनों देशों के बिजनेसेस को नए मार्केट एक्सेस का लाभ मिला है। पीएम मोदी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि भारत की सुदृढ़ आर्थिक वृद्धि, नीतिगत सुधार, डिजिटल परिवर्तन और इनोवेशन का बढ़ता इकोसिस्टम ऑस्ट्रेलियाई भागीदारों के लिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा कर रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्थाओं के बीच आपसी तालमेल को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में मैन्युफैक्करिंग, स्वच्छ ऊर्जा, क्रिटिकल मिनरल्स, माइनिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, शहरी विकास, एविएशन, लॉजिस्टिक्स, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिनटेक, फ़ूड प्रोसेसिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध व्यापक अवसरों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत का बड़े पैमाने पर कार्य करने का सामर्थ्य और ऑस्ट्रेलिया की विशेषज्ञता मिलकर दोनों देशों के लिए एक परस्पर लाभकारी स्थिति का निर्माण करते हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समोदा में लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में हुए शामिल

# सुशासन, विकास और जनकल्याण ही हमारी सरकार की पहचान है : मुख्यमंत्री साय



- **आरंग विधानसभा के विकास को मिली नई गति, 128 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात**
- **ग्राम रीवा में 4 करोड़ रुपए के स्टॉप डैम निर्माण की घोषणा**

समवेत शिखर संवाददाता

**आरंग।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज आरंग विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत समोदा में आयोजित कार्यक्रम में 128 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के विकास को नई गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्राम पंचायत रीवा में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से स्टॉप डैम निर्माण, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समोदा में अहाता निर्माण, नगर पंचायत समोदा के पंचायत भवन में प्रथम तल निर्माण तथा ग्राम तुलसी के हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी विद्यालय में उन्नयन की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन, विकास और जनकल्याण ही हमारी सरकार की पहचान है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी, यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सरकार की कार्यशैली और जनविश्वास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने 18 लाख गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए हैं, जिनमें से 10 लाख से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं। किसानों से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जा रहा है तथा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक 28 किश्तों में 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी सोच के साथ बस्तर सहित प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही आधारित प्रशासन स्थापित करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। भ्रष्टाचार और अपराध के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ नागरिक सेवाओं को अधिक सरल और सुलभ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज एवं कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

*(शेष पेज-4 पर)*

## फर्स्ट कालम

### मानसून ने पूरे देश को कवर किया

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना (ए)।** मानसून ने गुरुवार को पूरे देश को कवर कर लिया है। आमतौर पर यह 8 जुलाई को देश का पूरा हिस्सा कवर कर लेता है, लेकिन इस बार एक दिन लेट है।मानसून के कारण सभी राज्यों में बारिश का दौर जारी है। यूपी में गुरुवार सुबह से नोएडा, मथुरा, मेरठ, बुलंदशहर समेत 50 शहरों में तेज बारिश हो रही है। नोएडा में सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया। वहीं, गाजियाबाद में 10 फीट सड़क धंस गई। इसमें कार और बाइक समा गई। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में नालूपानी और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ।

### वेनेजुएला भूकंप : मृतकों की संख्या 3,811 पहुंची

**नई दिल्ली।** वेनेजुएला में 24 जून को आए दो शक्तिशाली भूकंपों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,811 हो गई है। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनके अनुसार, इस आपदा में 16,740 लोग घायल हुए हैं, जबकि 17,907 लोग बेघर हो चुके हैं। अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से वेनेजुएला पर लगे प्रतिबंधों में राहत देने की अपील दोहराई है। उनका कहना है कि विदेशों में वेनेजुएला की बड़ी मात्रा में संपत्तियां और धनराशि फंसी हुई है।

### टीएमसी के 3 पूर्व राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के तीन पूर्व राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर राय और प्रकाश चिक बराइक गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने तीनों को कोलकाता में सदस्यता दिलाई। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में ञ्रस्ष्ट की हार के बाद तीनों नेताओं ने राज्यसभा की सदस्यता और ञ्रस्ष्ट से इस्तीफा दे दिया था।

### पटियाला में पूरे परिवार ने जहर खाया

**पटियाला।** पटियाला में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते सभी को राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान पिता और बेटी की मौत हो गई। जबकि, मां और बेटे का इलाज चल रहा है।

# छत्तीसगढ़ में अगले साल से 1 अप्रैल से खुलेंगे स्कूल

- **किताबें-यूनिफॉर्म दी जाएगी, मई-जून में ग्रीष्मकालीन छुट्टियां**
- **अब पहली कक्षा में एडमिशन की उम्र 6 साल होगी**

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत बड़ा फैसला लिया है। अगले साल 2027 में स्कूल 16 जून के बजाय 1 अप्रैल से खुलेंगे। इसी दौरान प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी और स्टूडेंट्स को पुस्तकें, यूनिफॉर्म और साइकिल दी जाएगी। इसके बाद 1 मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां रहेंगी। वहीं अब अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य के सभी स्कूलों में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए बच्चे की न्यूनतम उम्र 6 साल होगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

विभाग का कहना है कि इस बदलाव से स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए ज्यादा समय मिलेगा, समय पर सिलेबस पूरा कराया जा सकेगा और बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में भी सुधार आएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के जारी आदेश के मुताबिक प्रदेश में अब शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। यह व्यवस्था सीबीएसई की तर्ज पर लागू की जाएगी।

**अभी क्या व्यवस्था है :** फिलहाल, प्रदेश में स्कूल 16 जून से खुलते हैं। स्कूल खुलने के बाद कई दिनों तक शाला प्रवेशोत्सव, किताबें, स्कूल ड्रेस (यूनिफॉर्म), साइकिल और दूसरी सरकारी सुविधाएं बांटने का काम चलता रहता है।

### सीबीएसई की तर्ज पर होगा शिक्षा सत्र

स्कूल शिक्षा विभाग का मानना है कि अब तक सीबीएसई स्कूलों और सीजी बोर्ड स्कूलों के शैक्षणिक कैलेंडर में करीब ढाई महीने का अंतर रहता था। सीबीएसई स्कूल अप्रैल से पढ़ाई शुरू कर देते हैं, जबकि सीजी बोर्ड स्कूल जून के मध्य में खुलते हैं। इस अंतर के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, बोर्ड परीक्षा की रणनीति और पाठ्यक्रम पूरा करने में भी फर्क दिखाई देता था। अब दोनों व्यवस्थाओं के बीच यह अंतर काफी हद तक समाप्त हो जाएगा।

# आंध्रप्रदेश में कोरोना से 46 साल के मरीज की मौत , 2 जिलों में 5 एक्टिव केस मिले

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा में बुधवार को 46 साल के व्यक्ति की कोविड-19 से मौत हो गई। उसे पिछले महीने वेल्लोर के ष्टरूष्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया था। 4 दिन इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि मरीज के फेफड़े खराब हो गए थे। मरीज को कंटेनमेंट जोन में रखा गया था। उसके संपर्क में आए लोगों की ट्रेसिंग भी की जा रही है। इलाके में सैनिटाइजेशन भी शुरू कर दिया गया है। कोरोना से मौत की खबर के बाद कडप्पा और तिरुपति जिलों में 5 और पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर ने राज्य के सरकारी अस्पतालों से आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, दवाइयों, रैपिड टेस्ट किट, एंबुलेंस और मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता का ब्यौरा मांगा है। भारत में कोविड से आधिकारिक तौर पर 2022 के अंत तक करीब 5.3 लाख मौतें दर्ज की गई थीं।

# रामगोपाल अग्रवाल 17 जुलाई तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

- **बहुचर्चित शराब, कस्टम मिलिंग और कोल लेवी घोटाले में शामिल होने का आरोप**
- **कोर्ट के परिसर के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी रही**

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के बहुचर्चित शराब, कस्टम मिलिंग और कोल लेवी घोटाला मामले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल को गुरुवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। वकीलों की दलील सुनने के बाद विशेष न्यायधीश सुमित कपूर ने अग्रवाल को 17 जुलाई तक के लिए ईओडब्ल्यू की रिमांड पर भेज दिया। बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि नियत अवधि तक पूछताछ के बाद ईओडब्ल्यू फिर से उन्हें कोर्ट में पेश करेगी।



सुनवाई के दौरान कोर्ट परिसर के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी रही। बता दें कि बुधवार को उन्होंने रायपुर स्थित आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) के दफ्तर पहुंचकर सरेंडर किया था। गुरुवार को ईओडब्ल्यू ने मेडिकल जांच के बाद अग्रवाल को रायपुर कोर्ट में पेश किया। बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि ईओडब्ल्यू ने 14 दिन कि रिमांड मांगी थी, लेकिन दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने 9 दिन की कस्टोडियल रिमांड दी है। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। इसके विरोध में कांग्रेस शुक्रवार को पूरे प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी। (शेष पेज-4 पर)

# प्रदेश में 5 आईएएस अधिकारियों का तबादला, जीपीएम को मिला नया कलेक्टर

- **विजय दयाराम को मिली जिम्मेदारी**
- **संतोष देवांगन बने स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव**

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने गुरुवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। इस



फेरबदल में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिले को नया कलेक्टर मिला है। वहीं स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, शहरी विकास और जिला पंचायत महासमुंद में भी नई नियुक्तियां की गई हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से यह आदेश जारी किया गया। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के कलेक्टर संतोष कुमार देवांगन (आईएएस-2013 बैच) को उनके वर्तमान पद से हटाकर विशेष सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग बनाया गया है। जबकि विजय दयाराम (आईएएस-2015 बैच) को जीपीएम का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे संचालक, तकनीकी शिक्षा, रोजगार-प्रशिक्षण और छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास अभिकरण का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

(शेष पेज-4 पर)

# ईरान के परमाणु ठिकानों के पास अमेरिकी हमला

### जवाब में ईरान ने अमेरिकी सैनिक अड्डों पर अटैक किया

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (ए)।** ईरान ने अमेरिका पर बुशहर परमाणु बिजली फैसिलिटी के पास हवाई हमला करने का आरोप लगाया है। अल जजीरा के मुताबिक यह हमला दोपहर करीब 12 बजे हुआ। वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिका ने पिछले 2 दिनों में ईरान के 170 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, हमलों में एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन और मिसाइल भंडार, सैन्य स्पीड बोट और होर्मुज स्ट्रेट के पास तटीय इलाकों में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

### ईरान की शर्तों पर ही खुलेगा होर्मुज जलडमरूमध्य : ग़ालिबाफ

**मॉस्को।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ ने गुरुवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अमेरिका की धमकियों पर नहीं, बल्कि ईरान की शर्तों पर ही दोबारा खोला जाएगा। प्रेस टीवी के अनुसार, श्री ग़ालिबाफ ने कहा, ÷अमेरिका ने अभी तक यह नहीं सीखा है कि धौंस जमाने और अपनी प्रतिबद्धताएं तोड़ने की अब कीमत चुकानी पड़ती है। मैं स्पष्ट कर दूं कि यदि आप हमला करेंगे, तो जवाबी हमला झेलेंगे। व्यर्थ संघर्ष मत कीजिए, इससे आप और गहरे संकट में फंसेंगे।

## नई दवाई » डायबिटीज मरीजों को हफ्ते में एक बार ही लगाना होगा इंजेक्शन

# भारत में लांच हुई दुनिया की पहली बेसल इंसुलिन, कीमत 261 रुपए

**नई दिल्ली (ए)।** डेनमार्क की दवा कंपनी नोवो नॉर्डिस्क ने बुधवार को भारत में इंसुलिन आइकोडेक एविक्ली लॉन्च की। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया की पहली सप्ताह में एक बार दी जाने वाली बेसल इंसुलिन है, जो टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज के वयस्क मरीजों के लिए है। इसके आने से रोजाना लगने वाले 365 इंसुलिन इंजेक्शन घटकर साल में 52 रह जाएंगे।

कंपनी के मुताबिक, एविक्ली का उद्देश्य भारत में इंसुलिन शुरू करने में होने वाली देरी को कम करना है। नोवो नॉर्डिस्क का कहना है कि रोज इंजेक्शन लगाने का डर मरीजों के बीच इंसुलिन थेरेपी शुरू करने में सबसे बड़ी बाधा है, जिसके कारण औसतन सात से नौ साल की देरी हो जाती है।

**700 यूनिट का पैक 2611 में :** कंपनी ने 700 यूनिट का पैक 2611 में लॉन्च किया है। यानी इसकी कीमत 3.73 प्रति यूनिट पड़ेगी, जो मौजूदा दैनिक बेसल इंसुलिन की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत तक सस्ती बताई गई है। यदि किसी मरीज को रोज 10 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है, तो उसे सप्ताह में 70 यूनिट इंसुलिन लगेगी, जिसकी लागत करीब 261 प्रति सप्ताह होगी। नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रांत श्रोत्रिया ने कहा कि एविक्ली की सबसे बड़ी खासियत इसकी प्रतिस्पर्धी कीमत है।




### एविक्ली ने ब्लड शुगर को तय सीमा में रखने के बेहतर परिणाम दिए

ऑनवर्ड-1 क्लिनिकल प्रोग्राम के आंकड़ों के अनुसार, एविक्ली ने रोजाना दी जाने वाली इंसुलिन ग्लार्जिन यू100 की तुलना में एचबीए1सी कम करने और ब्लड शुगर को तय सीमा में रखने के बेहतर परिणाम दिए। कंपनी का दावा है कि टाइप-2 डायबिटीज के अधिक मरीज बिना हाइपोग्लाइसीमिया के एचबीए1सी को 7 प्रतिशत से नीचे लाने में सफल रहे। श्रोत्रिया ने नई दिल्ली में लॉन्च के मौके पर पत्रकारों को बताया कि अविकली की 70 यूनिट इंसुलिन की साप्ताहिक खुराक की कीमत 261 रुपये (2.74 डॉलर) है। यह दो वेरिएंट में उपलब्ध होगा- 1 मिलीलीटर (700 यूनिट) का पेन जिसकी कीमत 2,611 रुपये है, और 3 मिलीलीटर (2,100 यूनिट) का पेन जिसकी कीमत 7,833 रुपए है।

# एअर इंडिया दुनिया की चौथी ऑन-टाइम एयरलाइन बनी

### सिंगापुर एयरलाइंस और एमिरेट्स को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली (ए)।** टाटा ग्रुप की एअर इंडिया दुनिया की चौथी सबसे पंक्चुअल (समय की पाबंद) एयरलाइंस बन गई है। एविएशन एनालिटिक्स फर्म सिरियम की जून 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक, एअर इंडिया की लगभग 86.85% फ्लाइट्स यानी 100 में से 87 उड़ानें बिल्कुल तय समय पर पहुंची हैं।

टाटा ग्रुप की स्वामित्व वाली एयरलाइन ने जून महीने में अपनी कुल 15,135 उड़ानें ऑपरेट कीं। एअर इंडिया ने सिंगापुर एयरलाइंस और एमिरेट्स को पीछे छोड़ा है। एविएशन के नियमों के मुताबिक, कोई फ्लाइट अपने तय समय से 15 मिनिट में उड़ान भर लेती है, तो उसे राइट टाइम माना जाता है। सिरियम के अनुसार, ग्लोबल रैंकिंग में एअर इंडिया से आगे सिर्फ तीन एयरलाइंस रहीं। इसमें साउदिया 92.38% के साथ पहले, कोरियन एयर 88.56% के साथ दूसरे और एयरोमेक्सिको 86.94% के साथ तीसरे स्थान पर रही।



## न्यूज ब्रीफ

### दहेज प्रताड़ना मामले में दो आरोपी गिरफ्तार वैशाली नगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई



**दुर्ग।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले में वैशाली नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने थाना वैशाली नगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति, सास एवं देवर द्वारा लगातार दहेज की मांग की जा रही थी। विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट की गई तथा जान से मारने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर थाना वैशाली नगर में अपराध क्रमांक 149/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85, 296, 119(1), 115(2), 351(3), 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को सुषमा पाण्डेय (50 वर्ष) एवं अस्वनी पाण्डेय (23 वर्ष), निवासी शांतिनगर, दशहरा मैदान के पास, थाना वैशाली नगर, जिला दुर्ग को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार घटना का मुख्य कारण दहेज की मांग को लेकर उत्पन्न पारिवारिक विवाद और प्रताड़ना है। मामले में कोई सामग्री जब्त नहीं की गई है। इस कार्रवाई में थाना वैशाली नगर के विवेचना दल एवं थाना स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कलेक्टर वर्मा ने पात्र विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश 31 जुलाई तक छात्रवृत्ति पोर्टल खुला

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान करने के लिए सत्र 2025-26 का छात्रवृत्ति पोर्टल पुनः प्रारंभ किया गया है। छूटे हुए विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीयन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। सत्र 2025-26 से छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया राशन कार्ड आधारित ई-केवाईसी एवं आधार से लिंक बैंक खाते के माध्यम से की जा रही है। जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अभी भी पंजीयन शेष है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने विकासखंड के छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से संकुलों के सहयोग से सभी शालाओं की नियमित समीक्षा एवं परीक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यार्थियों का राशन कार्ड में नाम जोड़ने तथा आधार से लिंक बैंक खाते खुलवाने के लिए प्रत्येक स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई करें। निर्देशों में कहा गया है कि 31 जुलाई 2026 की अंतिम तिथि से पूर्व सभी पात्र विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत ऑनलाइन पंजीयन एवं सत्यापन पूर्ण कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### कबीरधाम जिले में 184.1 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 184.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 172.3 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 144.2 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 184.1 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 135.6 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 119.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 113.6 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 334.3 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 269.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 09 जुलाई की स्थिति में पिछले चैबीस घंटे में जिले में 4.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

## निधन

### कुमारी जानवी देशमुख



**दुर्ग।** ग्राम कुथरेल (अंडा) निवासी प्रेस फोटोग्राफर प्रेमलाल देशमुख की 15 वर्षीय पुत्री कुमारी जानवी देशमुख का गुरुवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार, 9 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे उनके गृहग्राम कुथरेल (अंडा) के मुक्तिधाम में किया गया।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के साथ-साथ सोकपिट निर्माण के लिए ग्रामीणों को करें प्रेरित : सीईओ अग्रवाल

### ओडीएफ प्लस जिला बनाए जाने के लिए निरंतर हो रहा प्रयास

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** जिले को ओडीएफ प्लस बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के मैदानी कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए विभागीय टीम गठित कर अलग-अलग ग्रामों में दौरा कर बैठके, घर-घर संपर्क कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के विषय पर ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है।





जिला पंचायत सीईओं श्री अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नए नियम के साथ-साथ सोकपिट निर्माण, नाडेप टैंक निर्माण एवं इसका उपयोग करने ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें बताया जा रहा हैं की स्वच्छता सिर्फ कचरा उठाने तक सीमित नहीं है। बल्कि पानी के सही निपटान के लिए हर घर में सोकपिट बनाना भी जरूरी है।साथ ही साथ सामुदायिक स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी सरपंच, सचिव एवं स्व-सहायता समूहों को लगातार ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर 02 अक्टूबर 2026 तक कबीरधाम को ओडीएफ प्लस जिला बनाने में सहयोग करने कहा जा रहा है, क्योंकि सामूहिक प्रयास से ही इसे पूरा किया जा सके।

**अभियान की मुख्य बातें...**

1. **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 :** गांव-गांव जाकर प्रत्येक घरो में 4 प्रकार के कचरा डिब्बा व्यवस्था जिसमें हरा, नीला, लाल, काला डिब्बा रखने की समझाइश दी रही है। स्वच्छता दीदियों द्वारा अलग-अलग कचरा संग्रहण कर इसका सत्यापन कर रही है।

2. **सोकपिट निर्माण पर जोर :** घरों से निकलने वाले ग्रे वाटर और सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर के समुचित निपटान के लिए सोकपिट निर्माण हेतु ग्रामीणों को तकनीकी जानकारी एवं प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

3. **अन्य गतिविधियां :** मैदानी कर्मचारी द्वारा वर्मी कंपोस्ट,वॉल पेंटिंग, नारा लेखन, महिला समूहों की बैठक एवं स्कूलों में बच्चों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश पहुंचाया जा रहा है। खुले में कचरा फेंकने पर ग्राम पंचायत द्वारा जुर्माने का प्रावधान भी बताया जा रहा है। सामुदायिक शौचालय के उपयोग एवं इसके रखरखाव, व्यक्तिगत शौचालय के उपयोग इत्यादि विषय पर भी ग्रामों में फोकस किया जा रहा है।

# एग्रीस्टेक पंजीयन कराना अनिवार्य संयुक्त खाताधारकों को अलग अलग करना होगा रजिस्ट्रेशन

### एग्रीस्टेक पंजीयन से धान खरीदी की प्रक्रिया होगी आसान, योजनाओं का लाभ भी होगा सुनिश्चित

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का निर्बाध लाभ दिलाने तथा कृषि संबंधी सेवाओं को डिजिटल रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य किया गया है। ऐसे किसान, जिनकी ऋण पुस्तिका या भूमि खाते में दो, तीन अथवा चार लोगों के नाम दर्ज हैं, उन्हें अलग-अलग अपना एग्रीस्टेक पंजीयन कराना होगा। साथ ही यदि एक खाते में एक से अधिक खसरा नंबर दर्ज है तो उस खाते के समस्त सहखातेदारों को भी उन सभी खसरों पर अपना पंजीयन कराना होगा। इससे प्रत्येक किसान का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा और भविष्य में योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी।

समय पर एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं कराने की स्थिति में किसानों को समर्थन मूल्य पर धान एवं अन्य फसलों की बिक्री में कठिनाई हो सकती है। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में भी बाधा आ सकती है। किसानों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपना एग्रीस्टेक पंजीयन अवश्य करा लें।

पंजीयन संबंधी अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए किसान अपने पटवारी, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सेवा सहकारी समिति अथवा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से संपर्क कर सकते हैं।

# नगर पंचायत पिपरिया में आवासहीन परिवारों को पट्टा देने वार्डवार सर्वे शुरू

### 6 अगस्त तक चलेगा सर्वे, पात्र परिवारों से लिए जाएंगे आवेदन

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन परिवारों को पट्टाधृति अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पंचायत पिपरिया में वार्डवार सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह सर्वे 8 जुलाई 2026 से 6 अगस्त 2026 तक नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों में किया जाएगा। सर्वे के लिए गठित दल वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक भ्रमण कर पात्र आवासहीन व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेगा।



प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पात्र हितग्राहियों को पट्टा प्रदान करने की कार्रवाई की जाएगी। सर्वे के दौरान ऐसे आवासहीन व्यक्ति, जो 20 अगस्त 2017 के पूर्व से नगर क्षेत्र में लगातार निवासरत हैं, उन्हें अपने निवास संबंधी प्रमाण के रूप में निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इनमें भारत निर्वाचन आयोग अथवा राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची, विद्युत देयक अथवा विद्युत कनेक्शन संबंधी दस्तावेज, टेलीफोन बिल, स्थानीय नगरीय निकाय का संपत्ति कर अथवा समेकित कर पंजी, जलकर भुगतान संबंधी दस्तावेज, भवन अथवा दुकान अनुज्ञा, अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त पट्टाधृति पट्टा, आधार कार्ड अथवा ड्राइविंग लाइसेंस शामिल हैं। इस संबंध में नगर पंचायत पिपरिया में आयोजित बैठक में सर्वे कार्य की रूपरेखा एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष श्री घुरूवा राम साहू, उपाध्यक्ष श्री शिवचरण पटेल, पार्षद श्री सोम पटेल, श्री राजेन्द्र गुप्ता, श्री कमलकांत नाविक एवं श्री नंदा पाटिला, तहसीलदार पिपरिया श्री विकास कुमार जैन, राजस्व निरीक्षक श्री कामेश्वर सिंह क्षत्रिय, पटवारी श्री शशांक तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री योगेश्वर सिंह नेताम सहित नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुर्ग के 'हमारा पेट्रोल पंप' में पेट्रोल में पानी की मिलावट का खुलासा, खाद्य नियंत्रक ने जांच के दिए आदेश

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** दुर्ग पुराना बस स्टैंड स्थित 'हमारा पेट्रोल पंप' से बेचे जा रहे पेट्रोल में पानी की मिलावट का गंभीर मामला सामने आया है। पश्चिम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष आनंद कपूर ताम्रकार ने 08 जुलाई 2026 को उक्त पंप से पेट्रोल डलवाया। पेट्रोल डलवाने के बाद वाहन में समस्या आने पर जांच की गई तो पेट्रोल में पानी की मिलावट पाई गई। इसका वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध है।



श्री ताम्रकार ने इस संबंध में जिलाधीश एवं खाद्य नियंत्रक, दुर्ग को लिखित शिकायत सौंपी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खाद्य नियंत्रक अधिकारी अनुराग सिंह भादोरिया ने तत्काल पेट्रोल का सैंपल लेकर उसे नाप-तोल शाखा को जांच हेतु भेजने एवं उचित वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। श्री ताम्रकार ने कहा कि इस प्रकार की मिलावट से आम जनता को आर्थिक नुकसान हो रहा है और वाहनों को क्षति पहुंच रही है। यह उपभोक्ताओं के साथ सरासर धोखाधड़ी है। प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि आम जनता को इस मिलावट से बचाया जा सके। पश्चिम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पोषण साहू पश्चिम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद कपूर ताम्रकार शहर महामंत्री दुष्यंत देवांगन, विधि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रीतम देशमुख, पूर्व पार्षद विजेंद्र भारद्वाज, अनीस रजा, मनीष सोनवानी, खेलकूद विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अंसार अहमद, शिव वैष्णव, वरिष्ठ अधिवक्ता डाहरिया, हिमांशु शर्मा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता गण अपस्थित थे।

# समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत-2026) में प्रकरण प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 तक बढ़ी

### सर्वोच्च न्यायालय में लंबित आपसी सहमति से निपटान योग्य मामलों के लिए 21, 22 एवं 23 अगस्त को होगी विशेष लोक अदालत

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ एवं सहमति आधारित बनाने के उद्देश्य से आयोजित समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत-2026) के अंतर्गत मामलों को प्रस्तुत करने की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। अब सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को विशेष लोक अदालत के लिए संदर्भित करने हेतु गूगल फॉर्म (थ्वत स्पजपहंजपवदध्व्‍) जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

समाधान समारोह का शुभारंभ 21 अप्रैल 2026 से हो चुका है तथा इसकी परिणति 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के रूप में होगी। इस विशेष लोक अदालत में केवल सर्वोच्च न्यायालय में लंबित ऐसे मामलों का निराकरण किया जाएगा, जिनका समाधान आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से संभव है। विशेष लोक अदालत से पूर्व राज्य, जिला, तहसील एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समितियों के मध्यस्थता केंद्रों में लगातार सुलह एवं मध्यस्थता बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा संबंधित विधिक सेवा प्राधिकरणों के अधिकारी पक्षकारों को आपसी सहमति से विवाद के समाधान के लिए सहयोग प्रदान कर रहे हैं। पक्षकार इन बैठकों में स्वयं उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन माध्यम से भी शामिल हो सकते हैं। इस विशेष लोक अदालत में बैंकिंग विवाद, सिविल प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा, क्षतिपूर्ति प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 (एन.आई. एक्ट) से संबंधित मामले, पारिवारिक विवाद, श्रम संबंधी प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, संपत्ति कर, सेवा संबंधी विवाद, किरायेदारी एवं बेदखली के मामले, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर संबंधी प्रकरण सहित अन्य ऐसे मामले शामिल किए जाएंगे, जिनका समाधान आपसी सहमति से संभव है।

# भूमि बेचने का झांसा देकर 8 लाख की ठगी, दंपती गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** भूमि विक्रय के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को पुलगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। आरोपियों ने एक ही भूमि का सौदा कई लोगों से कर उनसे ब्याना और उधारी के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिए थे। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने थाना पुलगांव में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम दमोदा निवासी नोकेश देशमुख एवं नेहा देशमुख ने ग्राम अंजोरा स्थित खसरा नंबर 615/10, रकबा 0.0115 हेक्टेयर, प्लॉट नंबर-08 को 5.50 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया। इस दौरान प्रार्थी से ऑनलाइन एवं नकद माध्यम से 5.20 लाख रुपये तथा व्यवसायिक आवश्यकता बताकर उसकी माता से एनईएफ्टी के जरिए 2.80 लाख रुपये ले लिए। इस प्रकार आरोपियों ने कुल 8 लाख रुपये प्राप्त कर लिए, लेकिन भूमि की रजिस्ट्री नहीं कराई। बाद में प्रार्थी ने ऑनलाइन भूइयां पोर्टल पर जांच की तो पता चला कि संबंधित भूमि पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज है। पुलिस विवेचना में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने इसी भूमि के नाम पर दीपक कुमार चौबे, दुर्गा शर्मा, दिनेश कुमार पाण्डे सहित अन्य लोगों से भी ब्याना राशि लेकर धोखाधड़ी की है। मामले की जांच के बाद पुलगांव पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस ने प्रकरण से जुड़े दस्तावेजी साक्ष्य एवं बैंकिंग लेन-देन संबंधी अभिलेख भी जब्त किए हैं। साथ ही अन्य संभावित पीड़ितों और धोखाधड़ी से जुड़े तथ्यों की जांच जारी है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक गुरविंदर सिंह संधू, उप निरीक्षक बेदराम चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक पुष्पकराज, प्रधान आरक्षक शकुन्तला राठिया तथा सहायक उप निरीक्षक सुभाष साहू की सराहनीय भूमिका रही। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी भूमि की खरीद-बिक्री से पहले संबंधित दस्तावेजों एवं स्वामित्व का विधिवत सत्यापन अवश्य करें।

### 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का एक वर्ष पूरा

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के अंतर्गत किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों एवं 'सफलता की कहानियां' साझा करने के उद्देश्य से 01 वर्ष पूर्ण होने पर 'दीदी के गोठ' नामक रेडियो कार्यक्रम के 12वें एपिसोड का प्रसारण बालोद जिले के 20 संकुल स्तरीय संगठनों, जनपद कार्यालयों एवं जिला कार्यालय में 09 जुलाई 2026 को दोपहर 02 बजे से किया गया।

इसी क्रम में राज्य स्तरीय 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम साइंस कालेज मैदान रायपुर में बालोद जिले से 150 महिलाएं सम्मिलित हुई। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा प्रदेश की सभी बिहान दीदियों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानियां साझा की गई।


# नगर के तालाबों का संरक्षण आवश्यक, निस्तारी संकट होगी दूर

### जनजागरूकता से तालाबों को मिल सकती है नवजीवन

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** आषाढ़ की पहली बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिले हैं वहीं नगर के तालाबों की स्थिति चिंता बढ़ा रही है। थान खम्हरिया नगर सहित आसपास के गांवों में दर्जनो से तालाब हैं जो कभी निस्तारी, पशुओं और सिंचाई का मुख्य आधार हुआ करते थे। लेकिन आज अतिक्रमण, गाद, जलकुंभी और कचरे के कारण अधिकांश तालाब अपनी अस्तित्व को खोते जा रहे हैं।

यदि समय रहते इनका संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाले दिनो में निस्तारी का बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि थोड़ी सी जन जागरूकता और सामुदायिक प्रयास से इन तालाबों को फिर से नवजीवन दिया जा सकता है। नगर के कईहा तालाब, सगरी तालाब, रावणभाठा तालाब, पंचवटी शिव सरोवर जैसे तालाब आज साफ सफाई के आभाव मे निस्तरी लायक भी नही है। पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हुई बारिश के बाद भी तालाबो में पर्याप्त पानी नहीं भर पाया है। पहले जहां इन तालाबों मे लबालब पानी भरा रहता था वहीं अब तालाबो मे नाली के पानी समाहित होने से खराब हो चला है इसका सबसे बड़ा कारण तालाबों में जमा गाद और किनारों पर कूड़ा करकट फेके जाने से तालाबों की दुर्दशा का असर सीधे आम जीवन पर पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में जब शासकीय योजनाएं जवाब दे जाती है तब लोग तालाब के पानी पर ही निर्भर रहते हैं।तालाब जीवित रहने से घुमंतु पशुपालकों और किसानों के मवेशियों के लिए भी पीने के पानी की समस्या बढ़ जाती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं हैं बल्कि ये भूजल को रिचार्ज करने का सबसे बड़ा माध्यम भी हैं। एक औसत आकार का तालाब साल भर में लाखों लीटर पानी जमीन में उतारता है जिससे आसपास के बोर और हैंडपंप का जलस्तर भक बना रहता है।



यदि तालाब नहीं बचेंगे तो आने वाले समय में भूजल स्तर और नीचे चला जाएगा और खेती पर भी बूरा असर पड़ेगा। तालाबों की इस हालत के पीछे कई कारण हैं सबसे पहले तो पिछले 15 से 20 सालों से किसी भी तालाब की गाद सफाई नहीं हुई है। नतीजतन तालाब तीन से चार फीट तक गाद व जलकुंभी से भर चुके हैं। दूसरी ओर घरों और बाजार की गंदी नालियों का पानी सीधे तालाबों में छोड़ा जा रहा है। इससे पानी दूषित हो रहा है और मच्छर तथा बीमारियां बढ़ रही हैं। तीसरा सबसे बड़ा कारण अतिक्रमण है। राजस्व रिकॉर्ड में तालाब की जमीन दर्ज है लेकिन जमीनी स्तर पर किनारों पर धीरे-धीरे कब्जा हो गया है। लोगों में जागरूकता की कमी के कारण तालाब को कोई अपनी जिम्मेदारी नहीं मानता और उसे सरकारी संपत्ति समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन हालात पूरी तरह निराशाजनक नहीं हैं। यदि प्रशासन और समाज मिलकर प्रयास करें तो तालाबों को फिर से जीवित किया जा सकता है। सबसे पहले जरूरत है तालाबों की गाद सफाई और गहरीकरण की।जन जागरूकता इस दिशा में सबसे बड़ा हथियार साबित हो सकती है। स्कूलों और कॉलेजों के माध्यम से बच्चों को तालाब संरक्षण के महत्व के बारे में बताया जाए। हर रविवार को दो घंटे का श्रमदान कर युवा और महिलाएं तालाब से कचरा निकाल सकते हैं।

तालाब के किनारे एक ओर पक्का निस्तारी घाट बनाया जाए जहां महिलाएं कपड़ा धो सकें और दूसरी ओर पशुओं के लिए अलग से घाट बनाया जाए। साथ ही किनारों पर नीम, पीपल और बरगद के पेड़ लगाए जाएं ताकि मिट्टी का कटाव रुके और तालाब का सौंदर्य भी बढ़े। तालाब हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर हैं। इन्हें बचाना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। यदि आज हम सचेत नहीं हुए तो कुछ वर्षों बाद पानी के लिए हाहाकार मचना तय है। इसलिए जरूरत है कि हर नागरिक यह संकल्प ले कि वह अपने क्षेत्र के तालाब को गंदा नहीं करेगा और उसके संरक्षण में सहयोग करेगा। जन जागरूकता ही तालाबों को नवजीवन दे सकती है और इसी से नगर का निस्तारी संकट भी हमेशा के लिए दूर हो सकता है।

# जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक की तत्परता से गंभीर मरीजों को मिला जीवनदायी रक्त

### रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र सहित चार रक्तदाताओं ने निभाई मानवता की मिसाल

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक की त्वरित पहल से गुरुवार को फीमेल मेडिकल वार्ड में भर्ती दो गंभीर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया गया। ब्लड बैंक स्टाफकी सक्रियता और स्वैच्छिक रक्तदाताओं के सहयोग से दोनों मरीजों के लिए आवश्यक रक्त की व्यवस्था कर उनकी मदद की गई। फीमेल मेडिकल वार्ड में भर्ती गंभीर मरीज सावित्री यदु को A पॉजिटिव तथा रोशनी निषाद को AB पॉजिटिव रक्त की तत्काल आवश्यकता थी।



इस पर जिला चिकित्सालय दुर्ग के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीष कुमार मिंज एवं ब्लड बैंक प्रभारी अधिकारी डॉ. संतराम चुरेंद्र के मार्गदर्शन में ब्लड बैंक स्टाफ हिमांशु चंद्राकर ने रक्तदाताओं से संपर्क कर तत्काल उन्हें ब्लड बैंक बुलाया। रक्तदान के लिए शेख जुनेद (42 वर्ष) एवं तिलक सिंह राजपूत (50 वर्ष) ने क्क पॉजिटिव रक्तदान किया, जबकि राकेश (29 वर्ष) ने क्कपॉजिटिव रक्त देकर मरीज की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी दौरान रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई के बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र नीरज साहू (24 वर्ष) ने भी AB पॉजिटिव रक्त का अपना तीसरा स्वैच्छिक रक्तदान किया। उन्होंने स्वीटी आदित्य मैडम की उपस्थिति में रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान के दौरान ब्लड बैंक काउंसलर टी.एस. एंथोनी, नर्सिंग ऑफिसर सती गुप्ता एवं तरूणा रावत, लैब टेक्नोलॉजिस्ट रोशन सिंह, ब्लड बैंक सुपरवाइजर रूपेश सर्पे, लैब टेक्नीशियन भूपेश दिल्लीवार, तरुण महिलागें, अंशु नेताम तथा माला देशमुख उपस्थित रहे। अस्पताल प्रशासन एवं ब्लड बैंक की टीम ने सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके इस मानवीय कार्य की सराहना की और कहा कि समय पर किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए नया जीवन साबित हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### महादेव एप केस : 6 आरोपियों के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट

**रायपुर।** महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में सीबीआई ने काली कमाई और मनी लॉड्रिंग के नए सबूत पेश किए हैं। केस के आरोपी अशीम दास, रोहित गुलाटी, विकास छपारिया, अनिल धम्मानी, विशाल आहूजा और धीरज आहूजा इन 6 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इन सभी पर धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश रचने के आरोप लगाए हैं। इसके अलावा महादेव सट्टा ऐप के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफभी सबूत अदालत में पेश किए गए हैं। बता दें कि सीबीआई ने अब तक 66 आरोपियों के खिलाफ5 अलग-अलग चार्जशीट दाखिल की हैं।

### रायपुर से 10 और 12 साल के दो भाई लापता

**रायपुर।** रायपुर के उरला थाना क्षेत्र से दो नाबालिग भाई संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। शुरुआती



जांच में सामने आया है कि, माता-पिता की डांट से नाराज होकर दोनों बच्चे बुधवार दोपहर घर से साइकिल लेकर निकल गए थे। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। लापता बच्चों के नाम आयुष चौहान (10) और पीयूष चौहान (12) है। दोनों उरला थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर स्थित ज्ञानदीप स्कूल के पास के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों बच्चे 8 जुलाई 2026 को सुबह करीब 11 बजे बिना किसी को बताए घर से रेंजर साइकिल लेकर निकल गए। काफी तलाश के बाद भी उनका पता नहीं चलने पर परिजनों ने उरला थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले में उरला थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 311/26 के तहत धारा 137(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर दोनों बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ संभावित स्थानों पर भी खोजबीन कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि दोनों बच्चों के संबंध में कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें तो तत्काल उरला थाना या 94791-91032 पर सूचना दें।

### प्रदेश की स्वास्थ्य विभाग खुद बीमार हो गया है : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग



बीमार हो चुका है। सरकारी अस्पतालों में जांच और इलाज नहीं हो पा रहा। प्रदेश नकली दवाओं का केंद्र बन चुका है, राजधानी सहित सभी मेडिकल कॉलेजों में, हर सरकारी अस्पताल में लगातार नकली दवाएं मिल रही है। मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा, मेकाहारा जैसे अस्पताल में व्यवस्थायें बदहाल है। स्वास्थ्य मंत्री व्यवस्था सुधारने के बजाय उस पर पर्दा डालने में लगे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि दवा के नाम पर ज़हर दिया जा रहा है, नकली अमानक, गुणवत्ताहीन, फंगस लगे दवा का वितरण मरीजों को किया जा रहा है, इतने गंभीर विषय पर यह सरकार गंभीर नहीं है, अब तक न किसी की जिम्मेदारी तय की गई, न ही कोई कार्यवाही हुई। छोटे-छोटे बच्चों को जो कृमि की जो दवाइयां खिलाई गई हैं, जांच में अमानक पाया गया, डायरिया पीड़ित मरीजों को दी गई दवाओं में फंगस मिला, कई एंटीबायोटिक दवाओं से मरीजों को एलर्जी हो रही है, गर्भवती महिलाओं और माताओं को बांटी गई आयरन, सल्फेट और फोलिक एसिड की दवाएं गुणवत्ताहीन पाई गई।

### देर से बरसात होने पर किसान न हो चिन्तित समय पर खरपतवार नियंत्रण से बढ़ेगी धान की पैदावार : डॉ. चन्द्राकर

**रायपुर।** खरीफ सीजन में मानसून के देर से सक्रिय होने के कारण अनेक किसान समय पर धान की बुवाई या रोपाई नहीं कर सके हैं। ऐसी स्थिति में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डी.के. चन्द्राकर ने किसानों को चिंता न करने की सलाह देते हुए फसल प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, नर्सरी, रोपाई एवं लेही पद्धति से बुवाई को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, ताकि समय पर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके। डॉ. चन्द्राकर के अनुसार, जिन किसानों ने वर्षा के बाद धान की बुवाई या रोपाई कर ली है, उन्हें फसल की 20 से 25 दिन की अवस्था में खरपतवार नियंत्रण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि खेत में खरपतवारों का प्रकोप बढ़ जाता है तो धान की उपज में 25 से 50 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। ऐसे क्षेत्रों में जहां श्रमिक उपलब्ध नहीं हैं, वहां निंदानाशकों का उपयोग कर खरपतवार नियंत्रण किया जा सकता है, जबकि श्रमिक उपलब्ध होने पर 25 और 40 दिन की अवस्था में निंदाई करना अधिक प्रभावी रहता है।

# रेडियो के 'दीदी के गोठ' से महिलाओं को आगे बढ़ने मिलती है प्रेरक और रोचक जानकारियां : सीएम साय

### सफलता की कहानी साझा करने वाली दीदियों का किया सम्मान, प्रदर्शनी का अवलोकन कर जाना नवाचारों का सफर

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम प्रदेश की माताओं-बहनों के लिए प्रेरणा का सशक्त माध्यम बन गया है। इस कार्यक्रम के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भरता, आजीविका, नवाचार और स्वरोजगार से जुड़ी अत्यंत रोचक एवं प्रेरक जानकारियां मिल रही हैं। एक सफल दीदी की कहानी हजारों अन्य महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही है और यही इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी सफलता है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित 'दीदी के गोठ' वार्षिकोत्सव-2026 एवं संकुल स्तरीय संगठन सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर 'दीदी के गोठ' कॉफी टेबल बुक, 'बिहान वाणी' त्रैमासिक पत्रिका तथा 'मोर गांव मोर पानी' पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने अपनी सफलता की कहानी साझा करने वाली दीदियों को सम्मानित किया तथा 'दीदी के गोठ' के 12 एपिसोड पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर महिलाओं से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित 'दीदी के गोठ' फोटो गैलरी का अवलोकन किया तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद कर उनके नवाचारों एवं आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान दुर्ग जिले से वर्चुअल माध्यम से जुड़ीं लखपति दीदी श्रीमती विद्या निषाद से चर्चा की। श्रीमती निषाद ने बताया कि कोरोना काल में पति के निधन के बाद उन्हें बिहान समूह से प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन मिला। उन्होंने कपड़े एवं फैंसी स्टोर का व्यवसाय शुरू किया और आज प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने उनकी सफलता की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'दीदी के गोठ' ने एक वर्ष का सफल सफर पूरा कर लिया है और अब तक 12 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार को एक सफल दीदी अपनी संघर्ष एवं सफलता की कहानी स्वयं अपनी बोली में साझा करती है, जिससे प्रदेशभर की महिलाओं को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को देवी स्वरूप माना गया है। वेदों में कहा गया है- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता। आज महिलाएं बिहान से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। कोई ड्रोन दीदी बनी है, कोई राजमिस्त्री, कोई ऑर्गेनिक खेती कर रही है, तो कोई सेटरिंग प्लेट , पशुपालन एवं अन्य आजीविका गतिविधियों के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही है।

# भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने लिया तैयारियों का जायजा

### छत्तीसगढ़ में नई श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन की हुई समीक्षा

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नवीन श्रम संहिताओं (New Labour Codes) के प्रभावी क्रियान्वयन और श्रमिक कल्याण से जुड़े विभिन्न पहलुओं को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी



में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. महेन्द्र कुमार ने गुरुवार को राज्य में चल रही प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। नया रायपुर स्थित 'छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल' के सभागार में आयोजित इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में श्रम कानूनों को धरातल पर उतारने को लेकर गंभीर मंथन किया गया। बैठक के दौरान केंद्र सरकार द्वारा अधिनियमित चारों नवीन श्रम संहिताओं के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा अब तक जारी की गई अधिसूचनाओं और उनके अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई, वेतन संहिता, 2019 (Code on Wages, 2019)औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (Industrial Relations Code, 2020)सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (Code on Social Securit4, 2020)व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य-परिस्थितियाँ संहिता, 2020 (OSH Code, 2020)। बैठक में राज्य के अधिकारियों ने केंद्र सरकार को अवगत कराया कि इन नवीन संहिताओं को छत्तीसगढ़ में सुचारू रूप से लागू करने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है।

# ऐसे संस्थान जहां 20 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं ऐसे संस्थानों में शिकायत निवारण समिति का गठन अनिवार्य होगा

### छत्तीसगढ़ राज्य श्रम संहिता नियमों संबंधी बैठक हुई

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य श्रम संहिता नियमों संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य श्रम संहिता नियमों की अधिसूचना की स्थिति, श्रम विभाग द्वारा केन्द्र का औद्योगिक संबंध (छत्तीसगढ़) नियम 2026 के प्रारूप पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने श्रम विभाग के अधिकारियों को संहिता अंतर्गत राज्य नियम शीघ्र अधिसूचित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने संहिता के क्रियान्वयन हेतु विभागीय पोर्टल में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में संयुक्त सचिव डॉ. महेन्द्र कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों के स्थान पर 4 श्रम संहिताओं क्रमशः मजदूरी संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता एवं उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशाएं संहिता को लागू किए गए हैं। संहिताओं के प्रभावशील से नियोजकों को विभिन्न श्रम अधिनियमों के अनुपालन के भार में कमी आएगी। उन्हें विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत पृथक-पृथक पंजीयन, अनुज्ञप्ति, अभिलेखों के संधारण इत्यादि के स्थान पर एकल पंजीयन तथा कॉमन एवं एकल अनुज्ञप्ति तथा अभिलेखों के संधारण में सुविधा होगी। संहिताओं के अंतर्गत श्रमिकों को नियुक्ति पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा तथा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में कार्यरत सभी श्रेणी के श्रमिकों का न्युनतम वेतन सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी औद्योगिक संस्थान में श्रमिकों को हड़ताल से कम से कम 14 दिन पहले लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा।

ऐसे संस्थान जहां 20 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत है ऐसे संस्थानों में शिकायत निवारण समिति का गठन अनिवार्य होगा। समिति में महिला कामगारों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देना होगा। इसी प्रकार तीन सौ या इससे अधिक कर्मचारी वाली इकाईयों को छटनी या यूनिट बंद करने से पहले सरकार की अनुमति लेनी होगी।

# ई-रिक्शा सहायता का अनुदान बढ़ाकर हुआ एक लाख रुपए किया : श्रम मंत्री

### श्रम मंत्री की बैठक में बड़ा फैसला- असंगठित श्रमिकों के लिए बनेंगी नई योजनाएं

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार करने और उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

आज मंत्रालय महानदी भवन में श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल की प्रथम बैठक संपन्न हुई, जिसमें श्रमिकों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। श्रम मंत्री की अध्यक्षता में असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल की प्रथम बैठक संपन्न

बैठक में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को स्वरोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक बड़ा फैसला लिया गया। इसके तहत ई-रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत वर्तमान में दी जा रही 50 हजार रुपये की अनुदान राशि को बढ़ाकर सीधे एक लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया है। इससे श्रमिक आसानी से अपना खुद का रोजगार शुरू कर सकेंगे। डिलीवरी कार्य करने वाले कर्मकारों (गिग वर्कर्स), चरवाहों और मेधावी बच्चों के लिए बनेंगी नई योजनाएं असंगठित क्षेत्र के अलग-अलग वर्गों को सुरक्षा देने के लिए मंडल ने अपने दायरे का विस्तार किया है। डिलीवरी कार्य करने वाले कर्मकारों को अब मंडल के दायरे में शामिल करते हुए उनके लिए विशेष कल्याणकारी योजना तैयार की जाएगी। चरवाहों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए एक पृथक (अलग) योजना बनाई जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 'जोहार श्री जगन्नाथ रथ' को झंडा दिखाकर किया रवाना




### श्रद्धालुओं की मनोकामनाओं और प्रार्थनाओं को जगन्नाथ धाम तक पहुंचाएगी रथ

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज अपने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय से जोहार श्री जगन्नाथ रथ को झंडा दिखाकर रवाना किया। विधायक श्री दीपेश साहू भी इस दौरान मौजूद थे। माय एफएम 94.3 और एटी ज्वेलर्स द्वारा तैयार यह रथ प्रदेश के श्रद्धालुओं की मनोकामनाओं और प्रार्थनाओं को जगन्नाथ धाम तक पहुंचाएगी। श्रद्धालु अपनी मनोकामना व प्रार्थना लिखकर इस रथ के कलश में समर्पित कर सकेंगे, जिसे 94.3 माय एफएम की टीम श्री जगन्नाथ धाम तक लेकर जाएगी।

यह अभिनव पहल भगवान श्री जगन्नाथ के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और मनोकामनाओं को उनके पावन धाम तक पहुँचाने का सुंदर माध्यम बनेगी।

# छत्तीसगढ़ बने देश का प्रमुख पर्यटन गंतव्य, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दें विशेष ध्यान : राजेश अग्रवाल

### पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति का लिया विस्तृत जायजा

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने तथा प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को नई गति देने के उद्देश्य से गुरुवार को मंत्रालय में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में दोनों विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, विकास परियोजनाओं, अधोसंरचना निर्माण, प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रगति तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल एवं पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन को पर्यटन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, पर्यटन अधोसंरचना विकास, प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति, पर्यटक सुविधाओं के विस्तार, विभाग की उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही संस्कृति विभाग द्वारा संचालित सांस्कृतिक संरक्षण, लोककला एवं लोक कलाकारों के संवर्धन, सांस्कृतिक आयोजनों, पुरातात्विक एवं धरोहर संरक्षण तथा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी संस्कृति विभाग के संचालक डॉक्टर संजय कन्नौजे द्वारा दी गई। संस्कृति विभाग की भी विस्तार से समीक्षा की गई। प्रस्तुतीकरण के उपरांत पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने दोनों विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं एवं विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गति, गुणवत्ता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे प्रदेश के पर्यटन और सांस्कृतिक विकास को नई दिशा मिल सके। श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक आस्था केंद्रों और जनजातीय परंपराओं से समृद्ध राज्य है। इन सभी विशेषताओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों के साथ-साथ प्रदेश की लोककलाओं, लोक कलाकारों और सांस्कृतिक धरोहरों को भी व्यापक पहचान दिलाने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाएं। उन्होंने पर्यटकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने, पर्यटन अधोसंरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा नए पर्यटन स्थलों के योजनाबद्ध विकास पर विशेष जोर दिया। साथ ही संस्कृति विभाग को निर्देशित किया कि प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पारंपरिक कला रूपों के संवर्धन, संग्रहालयों, सांस्कृतिक संस्थानों तथा सांस्कृतिक आयोजनों को और अधिक प्रभावी एवं जनभागीदारी आधारित बनाया जाए, जिससे नई पीढ़ी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सके।

# लोक निर्माण विभाग राज्य का 'ग्रोथ इंजन', विभाग पर अधोसंरचना विकसित करने की अहम जिम्मेदारी : साव

### उपमुख्यमंत्री ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित विभागीय मुख्यालय 'निर्माण भवन' में प्रदेशभर में निर्माणाधीन और प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रत्येक कार्यों की प्रगति पर बारीक नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने फील्ड पर जाकर निर्माण कार्यों का गहन निरीक्षण और मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने ठेकेदारों से बेहतर समन्वय और संवाद रख कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल और प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि विभाग के अभियंताओं की दक्षता और क्षमता फील्ड पर दिखनी चाहिए। उन्होंने प्रभावी एवं परिणाममूलक कार्यों के लिए समयानुकूल नई कार्यप्रणाली और कार्य संस्कृति अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं तत्परता से पूर्ण कर आगामी सितम्बर-अक्टूबर तक नए कार्यों के कार्यादेश जारी करने के निर्देश दिए,



जिससे कि बरसात के तत्काल बाद पूरी गति से काम शुरू हो सके। उन्होंने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद सभी प्रक्रियाओं को तेजी से पूर्ण कर समय पर काम प्रारंभ कराने को कहा।

श्री साव ने बैठक में कहा कि लोक निर्माण विभाग राज्य का 'ग्रोथ इंजन' है। राज्य में सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण के साथ ही सभी तरह की अधोसंरचना विकसित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी विभाग पर है। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए विभाग को भी अहम भूमिका निभाना है। उन्होंने इसके लिए पूरी सक्रियता और गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को काम का पुराना ढर्रा बदलने को कहा। उन्होंने ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के समय पर बिल तैयार करने और उनका हर महीने भुगतान करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि फील्ड पर विभाग के काम और उनके परिणाम दिखने चाहिए। उन्होंने सड़कों और पुल-पुलियों सहित स्कूलों, कॉलेजों, ऑडिटोरियम, कार्यालयों, आवासगृहों एवं अन्य भवनों के निर्माण निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों और निर्माण एजेंसियों के साथ अनुबंध में निर्धारित माइलस्टोन्स के अनुसार प्रगति सुनिश्चित कर समय-सीमा में काम पूरा कराने को कहा। उन्होंने सभी परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं को भू-अर्जन के कार्यों में तेजी लाने इससे संबंधित कानूनों व नियमों की व्यापक एवं समग्र जानकारी के लिए राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यपालन अभियंताओं, अनुविभागीय अधिकारियों तथा उप अभियंताओं की कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री साव ने पहुंचविहीन गांवों तक साल भर कनेक्टीविटी बनाए रखने के लिए सड़कों और पुलों के प्रस्ताव व प्राक्कलन प्राथमिकता से तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पुराने लंबित कार्यों से जुड़ी समस्याओं का तत्परता से निराकरण कर काम आगे बढ़ाने को कहा। उन्होंने अनुबंध के अनुसार कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने वाले ठेकेदारों को ब्लैक-लिस्ट करने और उनके अनुबंध टर्मिनेट करने की कार्यवाही के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल ने बैठक में अधिकारियों को मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों द्वारा अनुशंसित कार्यों के साथ ही द्रुतगामी सड़कों व पुलों, पहुंचविहीन गांवों के लिए पक्की सड़कों, जिले की जरूरतों और विधायकों द्वारा अनुशंसित कार्यों की प्राथमिकता तय कर आगामी 31 अगस्त तक नए कार्यों के प्राक्कलन भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न शहरों में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम के काम पूरा होने के बाद तत्काल इन्हें संबंधित विभागों या नगरीय निकायों को हैंडओवर करने को कहा।

# आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा रायपुर प्रेस क्लब

### एक करोड़ की लागत से होगा कायाकल्प

समवेत शिखर न्यूज



जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल एवं निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने किया निरीक्षण


**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अनुरूप रायपुर प्रेस क्लब को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृत एक करोड़ रुपये की राशि से प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। इसी क्रम में गुरुवार को जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल एवं रायपुर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने रायपुर प्रेस क्लब भवन का निरीक्षण कर प्रस्तावित निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्रेस क्लब भवन की वर्तमान आवश्यकताओं का विस्तृत आकलन किया गया तथा आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप निर्माण, इंटीरियर, साज-सज्जा एवं अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की गई। जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल ने वरिष्ठ पत्रकारों एवं प्रेस क्लब पदाधिकारियों से चर्चा कर उनके सुझाव भी लिए, ताकि प्रेस क्लब को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जा सके।

प्रस्तावित योजना के अनुसार प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए दो अत्याधुनिक सभागार, गेमिंग ज़ोन, ड्रॉइंग/लाउंज हॉल, सुविधायुक्त शौचालय, आधुनिक इंटीरियर, बेहतर बैठक व्यवस्था, जीम हाल, लाइव डिस्कशन स्टूडियो तथा आकर्षक आउटर लैंडस्केपिंग विकसित की जाएगी। प्रेस क्लब में शुरू हो रहे हैं इस नवनिर्माण कार्य का उद्देश्य है कि राजधानी के पत्रकारों को एक आधुनिक, सुविधासंपन्न एवं गरिमामय कार्यस्थल उपलब्ध कराया जा सके।

शिखर बने उतुंग शिखर, अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय



### युद्ध को विराम नहीं

यह बहुत पीड़ा, चिंता और शर्म की बात है कि पश्चिम एशिया में फिर युद्ध छिड़ गया है। ईरान की ओर से किसी बड़े नेता का बयान नहीं आया है, पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले का ऐलान करते हुए बता दिया है कि ईरान के साथ युद्ध-विराम खत्म हो चुका है। उन्होंने तुर्किये में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान कहा है कि मैं अब ईरान से कोई बातचीत नहीं करना चाहता। उससे बातचीत जारी रखना समय की बर्बादी है। ट्रंप ने ईरान के लिए ऐसे-ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया है, जिन्हें लिखना सभ्य राजनय के अनुकूल नहीं है। अभी कुछ ही दिनों पहले वह युद्ध-विराम की घोषणा करते हुए प्रसन्न थे, पर अब उनकी तल्खी सबको चौंका रही है। अफसोस, अपने मिजाज के मुताबिक ही उन्होंने पल में तोला, पल में माशा के मुहावरे को चरितार्थ कर दिया है। उनकी आक्रामक मुद्रा से लग रहा है कि वह आर-पार का युद्ध लड़ने के इच्छुक हैं। ईरान युद्ध से अब तक उन्हें निंदा ही हासिल हुई है और ईरान में भी उनसे उम्मीद लगाने वाले लोग जान हथेली पर लिए बैठे हैं।

बहरहाल, यह जानना बहुत मुश्किल है कि युद्ध-विराम के टूटने के लिए कौन जिम्मेदार है? दोनों देश एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। अगर ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग से गुजरते किसी जहाज को निशाना बनाया है, तो यह वास्तव में मानवता विरोधी हरकत है। युद्ध-विराम और समझौते के लिए हो रही वार्ता को जारी रखना आसान नहीं होता। इसके लिए बहुत सब्र की जरूरत होती है। यह संयम शायद ईरान में नहीं है। ईरान के सर्वोच्च नेता रहे खामेनेई को अंतिम विदाई दे रहे देश में जैसा अमेरिका या ट्रंप विरोध दिखा है, उसकी तारीफ नहीं हो सकती। वहां लोग खुलेआम बदला लेने का आह्वान कर रहे हैं और इस पर ईरानी प्रशासन के पास एक लफ्ज नहीं है। क्या समझौते के लिए बातचीत और शत्रुता साथ-साथ चल सकती है? ट्रंप के ताजा उद्गार में यह चिंता साफ झलक रही है, पर ईरान पर हुए हमले की सिर्फ निंदा ही संभव है। खामेनेई गुरुवार को सुपुर्द-खाक होंगे, तो क्या ईरान अपनी ओर से कुछ सब्र नहीं बरत सकता था? ट्रंप अब बोल रहे हैं कि ईरान के जिस शासन ने 54 हजार से ज्यादा अपने ही लोगों को मारा है, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। क्या वाकई ट्रंप इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाएंगे? यहां यह कहना ही चाहिए कि अमेरिका द्वारा की गई आधी-अधूरी लड़ाइयों ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक और फलस्तीन में मानव जीवन को नारकीय बना रखा है। गजब त्रासदी है, अमेरिका आतंकवाद को समाप्त करना चाहता है, लेकिन इन दिनों पाकिस्तान उसका सबसे बड़ा मध्यस्थ है। क्या अमेरिका वाकई आतंकवाद और मानवाधिकार हनन के खिलाफ लड़ाई चाहता है? वीरता में दोष नहीं है, पर मानवता से परे किसी देश को नहीं जाना चाहिए। ईरान ने बहरीन और कुवैत में 85 अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं, क्या इसे युद्ध-विराम जारी रखने की कोशिश माना जाए? ईरान ने होर्मुज में किसी अमेरिकी जहाज पर नहीं, बल्कि कतर के जहाज पर हमला बोला है।

# ई-जागृति : डिजिटल भारत में उपभोक्ता न्याय के लिए नई परिकल्पना

■ श्री प्रल्हाद जोशी, केंद्रीय मंत्री



न्याय में देरी, लंबे समय से भारतीय उपभोक्ताओं के लिए सबसे बड़ी निराशाओं में से एक रही है। चाहे वह खराब उत्पाद हो, ऑनलाइन खरीदी गई वस्तु का न मिल पाना हो, या अनुचित सेवा अनुबंध हो, शिकायत दर्ज करने से लेकर राहत पाने तक की प्रक्रिया अक्सर धीमी, बोझिल और डराने वाली रही है। हालांकि, भारत की उपभोक्ता संरक्षण व्यवस्था समय के साथ लगातार विकसित हुई है, लेकिन इसे समर्थन देने वाली प्रणाली तेज़ी से डिजिटल होती अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के साथ कदम मिलाते हुए आगे नहीं बढ़ पायी।

आज, उपभोक्ता ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म, डिजिटल भुगतान प्रणाली और ऑनलाइन बाज़ार में बड़े पैमाने पर लेन-देन करते हैं। उपभोक्ता न्याय की पारंपरिक व्यवस्था–जो भौतिक रूप से दाखिल करने, व्यक्ति द्वारा एक-एक कर जांच करने, अलग-अलग सॉफ़्टवेयर प्लेटफार्म का उपुओग करने और आमने-सामने की सुनवाई के इर्द-गिर्द बनायी गयी थी–धीरे-धीरे अपर्याप्त सिद्ध होने लगी। डिजिटल युग में उपभोक्ता अधिकार सुनिश्चित करने के लिए केवल कानूनी सुधार ही पर्याप्त नहीं थे; इसके लिए न्याय देने के तरीके में पूरी तरह से बदलाव करने की जरूरत थी।

यहीं पर ई-जागृति एक महत्वपूर्ण बदलाव लाती है। यह सिर्फ़ एक तकनीक प्लेटफ़ॉर्म नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था के केंद्र में पहुंच, पारदर्शिता और दक्षता को रखकर उपभोक्ता विवाद समाधान के तरीके की नए सिरे से परिकल्पना करने का प्रयास है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 में एक आधुनिक फ्रेमवर्क की परिकल्पना की गयी थी, जो बाज़ार की उभरती वास्तविकताओं के अनुरूप काम करने में सक्षम हो। हालाँकि, कानून की भावना को प्रभावी सार्वजनिक सेवा में बदलने के लिए कई अलग-अलग पुरानी प्रणालियों को हटाकर एकीकृत डिजिटल इकोसिस्टम को अपनाने की जरूरत थी। पुराने प्लेटफॉर्म में एकरूपता की कमी, पुरानी संरचना, एक-दूसरे से जुड़कर काम करने की सीमित सुविधा और भौतिक प्रक्रियाओं पर अधिक निर्भरता जैसी समस्याएँ थीं। कई उपभोक्ताओं के लिए–विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग, वरिष्ठ नागरिक,



दिव्यांगजन और अनिवासी भारतीय –न्याय पाने की प्रक्रिया की लागत अक्सर एक बड़ी बाधा बन जाती थी।

ई- जागृति उपभोक्ता शिकायत की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर इन संरचनात्मक चुनौतियों का समाधान करती है। ओटीपी आधारित पंजीकरण और ऑनलाइन दाखिल करने से लेकर डिजिटल जाँच, इलेक्ट्रॉनिक भुगतान, वर्चुअल सुनवाई, बहुभाषी आदेश और वास्तविक समय में मामले की निगरानी तक, यह प्लेटफ़ॉर्म नागरिकों को किसी भौगोलिक या प्रक्रियात्मक जटिलता की बाधा के बिना न्याय पाने में मदद करता है।ऐसे बदलाव का महत्व केवल सुविधा तक ही सीमित नहीं है। यह नागरिकों और सार्वजनिक संस्थानों के बीच रिश्ते को मौलिक रूप से बदल देता है। डिजिटल वर्कफ़्लो कागजी काम को कम करते हैं, अलग-अलग अधिकार-क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को एक जैसा बनाते हैं, विवेकाधीन देरी को कम करते हैं और पारदर्शिता बढ़ाते हैं। मामलों की स्वचालित सूची, ऑनलाइन डैशबोर्ड और तुरंत सूचना सुनिश्चित करती है कि कानूनी प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता को हर जानकारी मिलती रहे, जिससे प्रणाली में जनता का भरोसा मजबूत होता है।इस प्लेटफ़ॉर्म ने न्याय को और अधिक समावेशी बनाने के लिए उभरती तकनीकों को भी अपनाया है। एआई-सहायता प्राप्त मामला विश्लेषण, वॉइस-टू-टेक्स्ट कार्यप्रणाली, टेक्स्ट-टू-स्पीच सुविधा, बहुभाषी इंटरफेस, उन्नत सर्च क्षमता और पहुँच प्राप्त करने के उपकरण जैसी विशेषताओं के जरिए समाज के विभिन्न हिस्सों से अधिक लोगों की भागीदारी संभव हुई है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग और राज्य उपभोक्ता आयोगों में हाइब्रिड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं का देश भर में लागू होना भी उतना ही अहम रहा है, जिससे वर्चुअल सुनवाई उपभोक्ता न्याय दिलाने की प्रक्रिया का एक ज़रूरी हिस्सा बन गई है। दूरदराज के जिलों या विदेशों में रहने वाले नागरिकों के लिए, इससे कानूनी लड़ाई की वित्तीय और लॉजिस्टिक लागत दोनों काफी हद तक कम हो गई हैं।

फिर भी, इस स्तर के तकनीकी बदलाव में चुनौतियाँ हमेशा मौजूद रहती हैं। डिजिटल सुधार अक्सर संस्थानों को स्थापित प्रथाओं पर फिर से सोचने के लिए मजबूर करते हैं और उपयोगकर्ताओं को अपरिचित प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ई-जागृति की शुरुआत के दौरान, डेटा स्थानान्तरण, भुगतान गेटवे एकीकरण, इंटरफेस की उपयोगिता और लंबे समय से चल रहे मैनुअल प्रक्रियाओं में बदलाव को लेकर चिंताएँ उभरीं। कानूनी पेशेवरों और अन्य हितधारकों के कुछ हिस्सों ने नई डिजिटल व्यवस्था को अपनाते समय कुछ चिंताएं जाहिर कीं।

इन चिंताओं को बाधा मानने की बजाय, कार्यान्वयन प्रक्रिया ने उन्हें निरंतर सुधार के मौकों के तौर पर देखा। उपभोक्ता आयोगों, कानूनी पेशेवरों, तकनीकी विशेषज्ञों और राज्य सरकारों के साथ व्यापक परामर्श से इस प्लेटफ़ॉर्म को बेहतर बनाने में मदद मिली। नियमित क्षमता निर्माण कार्यक्रम, क्षेत्रीय कार्यशालाएं, वर्चुअल प्रशिक्षण सत्र, साप्ताहिक शिकायत निवारण संवाद और लगातार तकनीकी समर्थन से हितधारकों का नई प्रणाली में धीरे-धीरे भरोसा बढ़ा। इस अनुभव से एक महत्वपूर्ण सबक मिला÷ डिजिटल परिवर्तन केवल इसलिए सफल नहीं होता कि तकनीक लागू की गई है, बल्कि इसलिए सफल होता है, क्योंकि संस्थाएं उपयोगकर्ता की प्रतिक्रिया के प्रति संवेदनशील रहती हैं और निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध रहती हैं।

शुरुआती परिणाम उत्साहवर्धक हैं। थोड़े ही समय में, ई-जागृति ने लाखों उपभोक्ताओं को एक साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ला दिया है, दो लाख से अधिक मामलों के दाखिले की सुविधा दी है, उच्च समाधान दर हासिल की है और साठ से अधिक देशों के उपभोक्ताओं को भारत के उपभोक्ता विवाद निवारण व्यवस्था तक पहुंचने में सक्षम बनाया है। मानकीकृत डिजिटल वर्कफ़्लो ने दक्षता में सुधार किया है और उन प्रक्रियात्मक अड़चनों को कम किया है, जो पहले की प्रणाली की विशेषता थी। राष्ट्रीय ई-शासन पुरस्कार 2026 में रजत पुरस्कार के माध्यम से मान्यता, न केवल एक संस्थागत उपलब्धि के रूप में, बल्कि सरकारी प्रक्रिया की सफल पुनः डिज़ाइन की स्वीकृति के रूप में महत्वपूर्ण है। यह पुरस्कार इस बात को मान्यता देता है कि सार्थक डिजिटल शासन केवल मौजूदा प्रक्रियाओं को कंप्यूटरीकृत करने के बारे में नहीं है; यह उन्हें सरल, तेज़ और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए फिर से डिज़ाइन करने के बारे में है।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## प्रेरक प्रसंग

### अवसर की पहचान

एक बार की बात है, दो दोस्त एक साथ रेगिस्तान से गुजर रहा था। जाते जाते रस्ते में दोनों के बीच एक बात को लेकर बहस हुई। उस बात को लेकर एक दोस्त ने गुस्से में आकर दूसरी दोस्त की गालो पे जोर से थप्पड़ मारा।जो मार खाया उसने बहुत ही गुस्सा किया, उसकी गालों पे चोट लगी थी। उसने बिना कुछ कहें रेत पर लिखा ÷आज मेरा सबसे अच्छे दोस्त ने मुझे थप्पड़ मारा।÷फिर दोनों दोस्तों ने रेगिस्तान में चलना शुरु किया। तब तक चलते रहे जब तक दोनों को रेगिस्तान में पानी नहीं मिला। कुछ दूर चलने के बाद दोनों को एक नदी दिखी, फिर दोनों ने नहाने का फैसला किया।दोनों दोस्त जाकर पानी में नहाने लगे। थोड़ी देर बाद जिसने थप्पड़ खाया वह पानी में फँस गया और डूबने लगा तब दुसरे दोस्त ने उसे बचा लिया। उसने नदी से बाहर आकर एक पत्थर पर लिखा, आज मेरे सबसे अच्छे दोस्त ने मेरी जान बचाई। जिस दोस्त ने थप्पड़ मारा था उसने दूसरे दोस्त को पुछा, मैंने तुम्हें चोट पहुंचाया तो बाद में तुमने रेत पे लिखा। और जब मैं तुम्हें पानी में डूबते हुए बचाया तो तुमने क्यों एक पत्थर पर लिखा?÷दूसरे दोस्त ने जवाब दिया, ÷जब तुम हमें चोट पहुंचाए तब मैंने रेत पर लिखा था क्यूंकि अगर जोर से हवा आई तो लिखा मिट जायेगा। जब कोई हमारे लिए कुछ अच्छा करे तो तब हम पत्थर पर लिखे क्यूंकि पत्थर में लिखे को कोई भी हवा मिटा नहीं सकती। उसके बाद दोनों दोस्त बात करते करते अपने घर चले गए।

## धर्म-कर्म

### योगिनी एकादशी आज जानें पूजन और व्रत पारण का समय

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित है। हर महीने के कृष्ण और शुक्ल पक्ष में एकादशी व्रत रखा जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, इस समय आषाढ़ का महीना चल रहा है। आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को योगिनी एकादशी व्रत किया जाता है। योगिनी एकादशी पर बनने वाले शुभ और अद्भुत संयोग दिन का महत्व बढ़ा रहे हैं। हालांकि एकादशी तिथि दो दिन होने के कारण व्रत की तारीख को लेकर लोगों के बीच भ्रम की स्थिति है। आइए जानते हैं कि जुलाई में योगिनी एकादशी व्रत कब मान्य होगा।

योगिनी एकादशी व्रत 10 या 11 जुलाई कब होगा मान्य- पंचांग के अनुसार, आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी तिथि 09 जुलाई 2026 को दोपहर 03 बजकर 45 मिनट पर प्रारंभ होगी और एकादशी तिथि का समापन 10 जुलाई 2026 को दोपहर 01 बजकर 20 मिनट पर होगा। उदया तिथि में योगिनी एकादशी 10 जुलाई को करना उत्तम और मान्य रहेगा।

योगिनी एकादशी पर बन रहे कई शुभ संयोग- शुक्रवार का दिन मां लक्ष्मी और एकादशी व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। शुक्रवार के दिन योगिनी एकादशी होने से लक्ष्मी-नारायण कृपा पाने का दुर्लभ संयोग बना रहा है। इसके अलावा इस दिन सुकर्मा और धृति योग भी रहेंगे।

योगिनी एकादशी व्रत रखने से क्या फल मिलता है- ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, योगिनी एकादशी व्रत से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और भगवान विष्णु की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

## आंचलिक

# पूरे प्रदेश के हृदय रोगियों के लिए वरदान बनेगा जगदलपुर का कैथलैब : स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

### बस्तर को मिली अत्याधुनिक कैथलैब की सौगात- स्वास्थ्य मंत्री ने किया लोकार्पण

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** बस्तर की स्वास्थ्य सेवाओं में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया, जब प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डिमरापाल में स्थापित कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में बस्तर संभाग की पहली और छत्तीसगढ़ की दूसरी अत्याधुनिक कैथलैब का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से अब बस्तर सहित पूरे प्रदेश के हृदय रोगियों को समय पर आधुनिक उपचार उपलब्ध होगा और गंभीर मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

लोकार्पण के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने कैथलैब सहित अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बस्तर में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दे रहा है। बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे के सौ दिन के साथ-साथ जगदलपुर सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के भी सौ दिन पूरा होने की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर की जनता को दिल की गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए कैथ लैब के रूप में एक बहुत बड़ी सौगात मिली है, जो मेकाहारा के बाद छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा सरकारी कैथ लैब संस्थान है। इसके साथ ही बस्तर की नैसर्गिक सुंदरता के बीच योग और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए पीपीपी मोड पर एक समर्पित योग और नेचरोपैथी हॉस्पिटल भी लाया जा रहा है। चिकित्सा व्यवस्था में आए इस बड़े सुधार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महारानी अस्पताल में पिछले दो वर्षों के भीतर मरीजों के इलाज के आंकड़ों में डेढ़ गुना का रिकॉर्ड इजाफा हुआ है। बस्तर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए इस अभूतपूर्व बदलाव का लोहा अब वैश्विक संस्थाएं भी मान रही हैं, यही वजह है कि जल्द ही विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की विशेष टीमें इस जमीनी बदलाव को देखने बस्तर आ रही हैं। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान की कामयाबी के चलते आज बस्तर क्षेत्र के लगभग 99 प्रतिशत लोगों का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड और चेकअप तैयार किया जा चुका है, जो स्वास्थ्य विभाग की एक बेहतरीन मिसाल है। इसके अलावा, कॉन्टिनेंटल ग्रुप हॉस्पिटल के साथ मिलकर स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम भी किया गया है, जिसके तहत अस्पताल के प्रबंधन और विभिन्न श्रेणियों में 70 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी गई है। मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि केंद्र सरकार ने आयुर्वेद आधारित उपचार प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए देश में तीन केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है। इनमें से एक केंद्र बस्तर में स्थापित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है।

## जिले के युवाओं के लिए 'माय भारत' पंजीयन अभियान और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** आज जिला समन्वय समिति (डीएससी) की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक तथा नवगुरुकुल के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में युवाओं के लिए ''माय भारत'' संगठन के अंतर्गत चलाए जा रहे सघन पंजीयन अभियान तथा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना ( पीएमआईएस ) के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी श्री आदित्य पांडेय ने सभी शैक्षणिक संस्थानों से अनुरोध किया कि वे 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिक से अधिक युवाओं का ''माय भारत'' पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करें। इसके लिए प्रत्येक संस्थान में एक नोडल अधिकारी एवं कैंपस एम्बेसडर नामित करने को भी कहा। ताकि पंजीयन अभियान को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके। बैठक में सभी संस्थानों को विद्यार्थियों से नशा मुक्ति ई-प्रतिज्ञा दिलाने के लिए भी प्रेरित किया गया, जिससे युवाओं में नशामुक्त समाज के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। इसके साथ ही प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के सफल संचालन हेतु सभी शिक्षण संस्थानों से सहयोग करने तथा अपने-अपने परिसरों में पीएमआईएस कार्यशाला आयोजित करने का आग्रह किया गया, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी योजना की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठा सकें। बैठक में उपस्थित सभी प्राचार्यों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों ने अभियान और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## आज का इतिहास

- ✳1553- मात्र 15 साल की उम्र में लेडी जेन ग्रे इंग्लैंड की रानी बनीं।
- ✳1624- हॉलैंड और फ्रांस के बीच स्पेन विरोधी संधि पर हस्ताक्षर।
- ✳1848- न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहला टेलीग्राफ लिंक शुरू।
- ✳1856- निकोला टेस्ला का जन्म हुआ। उनके नाम पर ही फ्लक्स की मानक इकाई को टेस्ला का नाम दिया गया।
- ✳1907- फ्रांस और जापान के बीच चीन की स्वतंत्रता और अखंडता को बरकरार रखने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर।
- ✳1938- होवर्ड ह्यूज ने लॉकहीड-14 के जरिए 91 घंटे में पूरी दुनिया का चक्कर लगाकर रिकॉर्ड बनाया।
- ✳1946- राजशाही खत्म होने के बाद इटली गणतांत्रिक राष्ट्र बना।
- ✳1965- महिलाओं के लिए पहला एनसीसी कालेज ग्वालियर में खुला।

**प्रथम पेज का शेष**

### सुशासन, विकास और जनकल्याण...

नागरिकों की सुविधा के लिए सेवा सेतु के माध्यम से 520 से अधिक शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के जरिए शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सहकारिता, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याण सरकार की प्राथमिकताओं में हैं। उन्होंने नागरिकों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आग्रह करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना की अवधि तीन माह के लिए बढ़ा दी गई है। पात्र उपभोक्ता ÷मोर बिजली÷ मोबाइल एप अथवा वेबसाइट के माध्यम से सितंबर तक पंजीयन कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

कार्यक्रम में कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आरंग विधानसभा क्षेत्र को अब तक 858 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास और सुशासन की नई दिशा स्थापित हुई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने %एक पेड़ मां के नाम 2.0% अभियान के अंतर्गत आंवला का पौधारोपण किया। उन्होंने सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिल वितरित की तथा जिला प्रशासन के मिशन उत्कर्ष के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री ध्रुव कुमार मिर्धा, छत्तीसगढ़ औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### रामगोपाल अग्रवाल 17 जुलाई ...

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं भी इस केस में अभियुक्त हूं, इसलिए मैं कुछ नहीं कह सकता।

**घोटाले में शामिल होने का आरोप :** रामगोपाल अग्रवाल का नाम करीब 3 हजार करोड़ रुपए के कथित शराब घोटाले, 540 करोड़ रुपए के कोल लेवी वसूली मामले और 127 करोड़ रुपए के कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन घोटाले की जांच में सामने आया है। जांच एजेंसियां इन मामलों में कथित धन के प्रवाह, लाभार्थियों और कमीशन के नेटवर्क की पड़ताल कर रही हैं।

मामला कोयला लेवी घोटाले की जांच से जुड़ा है। जांच के दौरान सूर्यकांत तिवारी की जब्त डायरी में कांग्रेस भवन के नाम पर करोड़ों रुपए की एंट्री मिली है। ईओडब्ल्यू का दावा है कि यह रकम रामगोपाल अग्रवाल के जरिए कांग्रेस भवन तक पहुंची थी। पैसे कहां से आए, किसने पहुंचाए, किसने लिए और उनका इस्तेमाल कहां हुआ, इन सभी बिंदुओं पर पूछताछ जारी है। वहीं, ईओडब्ल्यू ने उनके बेटे वैभव अग्रवाल से भी 2 दिनों तक लंबी पूछताछ की है। ईओडब्ल्यू का दावा है कि शराब घोटाला केस में अनवर ढेबर और उसके लोगों ने करोड़ों रुपए कांग्रेस भवन में रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए गए। इसके अलावा कस्टम मिलिंग केस में भी रोशन चंद्राकर ने करोड़ों रुपए कांग्रेस भवन में रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए।

**वित्तीय लेन-देन की जांच जारी :** ईओडब्ल्यू रामगोपाल अग्रवाल की भूमिका, संबंधित व्यक्तियों से संपर्क, वित्तीय लेन-देन, धन के स्रोत, प्राप्ति और उपयोग की जांच कर रही है। एजेंसी का कहना है कि पूछताछ जब्त डायरी, दस्तावेजों, डिजिटल साक्ष्यों और विवेचना के दौरान जुटाई गई अन्य सामग्री के आधार पर की जा रही है।

### प्रदेश में 5 आईएएस अधिकारियों ...

हेमंत नंदनवार को तकनीकी शिक्षा की जिम्मेदारी : हेमंत रमेश नंदनवार (आईएएस-2020 बैच) को संचालक, तकनीकी शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

सुमित अग्रवाल बने सुडा के सीईओ : सुमित अग्रवाल (आईएएस-2021 बैच) को छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण (सुडा) का मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। उनके कार्यभार संभालने के बाद रिमिजियुस एक्का को सुडा के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया जाएगा। हालांकि वे संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास के पद पर पहले की तरह बने रहेंगे।

अनुपमा आनंद को मिली नई जिम्मेदारी : अनुपमा आनंद (आईएएस-2023 बैच), जो अभी सरायपाली (महासमुंद) में एसडीएम (राजस्व) हैं, उन्हें मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत महासमुंद बनाया गया है।

## बकावंड के स्कूलों में बीईओ का औचक निरीक्षण, अनधिकृत अनुपस्थित शिक्षक पर निलंबन की कार्रवाई

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। विकासखंड बकावंड में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं अनुशासित बनाने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ने संकुल केंद्र इरिकपाल एवं टलनार के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों को मिलने वाली शासकीय सुविधाओं, मध्यान्ह भोजन तथा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति का गहनता से परीक्षण किया गया।

इरिकपाल संकुल की व्यवस्थाएं मिलीं संतोषजनक- बीईओ ने मिडिल स्कूल धोबीगुड़ा, हाई स्कूल इरिकपाल, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला इरिकपाल, प्राथमिक शाला मालगांव, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुरुषपाल, डीएवी स्कूल उलनार तथा हाई स्कूल उलनार का निरीक्षण किया। इस दौरान पाठ्यपुस्तकों और निःशुल्क गणवेश वितरण की प्रगति का अवलोकन किया गया। विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां, विद्यार्थियों की उपस्थिति और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई, जिस पर बीईओ ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की।

समयपालन और डिजिटल उपस्थिति पर दिया जोर- निरीक्षण के दौरान बीईओ ने सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचने और निर्धारित समय तक उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### पूजा-पाठ और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 85 लाख की ठगी, आरोपी इंदौर से गिरफ्तार



**दुर्ग।** पूजा-पाठ, शेयर ट्रेडिंग में निवेश और पारिवारिक समस्याओं के समाधान का झांसा देकर लगभग 85 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को भिलाई नगर पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले में आरोपी के बैंक खातों एवं वित्तीय लेनदेन की विस्तृत जांच जारी है। पुलिस के अनुसार वर्ष 2023 में रायपुर में आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान प्रार्थिया की पहचान पवन बधोरिया से हुई थी। बातचीत के दौरान महिला ने अपनी पारिवारिक समस्याओं का जिक्र किया, जिस पर आरोपी ने पूजा-पाठ के माध्यम से समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उसने पूजा-पाठ, निजी खर्च और शेयर ट्रेडिंग में निवेश कराने के नाम पर विभिन्न किस्तों में करीब 85 लाख रुपये ले लिए। करीब दो वर्ष बाद भी कोई लाभ नहीं मिलने पर जब महिला ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने पहले नौकरी लगवाने का झांसा दिया और बाद में जान से मारने की धमकी देकर पैसे लौटाने से इंकार कर दिया। जांच में डरा-धमकाकर अवैध वसूली किए जाने के तथ्य सामने आने पर पुलिस ने संबंधित धाराएं भी प्रकरण में जोड़ीं। पीड़िता की शिकायत पर थाना भिलाई नगर में अपराध क्रमांक 343/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 351(3) एवं 308(3) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। आरोपी की तलाश के लिए गठित पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इंदौर पहुंचकर पवन बधोरिया (43 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

### बीएसपी से संगठित लौह स्क्रैप चोरी मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग/भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) से फ्लू डस्ट परिवहन की आड़ में संगठित रूप से लौह स्क्रैप चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफदुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने इस मामले में दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके साथ अब तक कुल 15 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।



पुलिस मामले की विवेचना के साथ अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार, 26 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम अकलोरडीह खदानपारा स्थित ए.के. ट्रेडर्स और एचआईए हथखोज क्षेत्र में छापेमारी की गई थी। जांच के दौरान विभिन्न हाईवा और ट्रकों में फ्लू डस्ट के साथ बड़ी मात्रा में लोहे की प्लेट, बीम और कटिंग सामग्री मिली। परिसर में भी भारी मात्रा में लौह स्क्रैप का अवैध भंडारण पाया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी पिछले चार-पांच महीनों से योजनाबद्ध तरीके से बीएसपी से फ्लू डस्ट के साथ लौह स्क्रैप चोरी कर उसे ए.के. ट्रेडर्स में एकत्रित कर अवैध रूप से बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे थे। पुलिस ने मौके से करीब 250 टन लौह स्क्रैप, परिवहन में प्रयुक्त हाईवा, ट्रक, जेसीबी, हाईड्रा और अन्य मशीनरी जब्त की थी। जब्त संपत्ति का कुल मूल्य लगभग 3 करोड़ 22 लाख रुपये आंका गया है।

# आईआईटी भिलाई ने विकसित की जंग-रोधी और अग्नि-सुरक्षा देने वाली स्मार्ट बहु-कार्यात्मक कोटिंग

### आईआईटी भिलाई-आईआईटी पटना के शोधकर्ताओं की बड़ी उपलब्धि, धातुओं की सुरक्षा के लिए विकसित स्मार्ट कोटिंग

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** धातुओं में जंग लगने और आग से होने वाली क्षति से उद्योगों को होने वाले भारी आर्थिक नुकसान, सुरक्षा संबंधी जोखिम तथा रखरखाव लागत की चुनौती का समाधान खोजते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई (आईआईटी भिलाई) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना (आईआईटी पटना) के शोधकर्ताओं ने एक स्मार्ट बहु-कार्यात्मक पॉलिमर कोटिंग विकसित की है। यह नई कोटिंग धातु की सतहों को जंग से सुरक्षित रखने के साथ-साथ अग्नि-सुरक्षा भी प्रदान करती है। शोध के परिणाम विश्व की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका एडवांस्ड फंक्शनल मैटेरियल्स (Advanced Functional Materials) में प्रकाशित हुए हैं।

यह शोध आईआईटी भिलाई के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर संजीब बनर्जी के नेतृत्व में किया गया। शोध दल में निशिकांत सिंह, स्वरूप मैती, सौमेन घोष, सुब्रत चट्टोपाध्याय तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




शोधकर्ताओं के अनुसार वर्तमान में उपयोग में आने वाली अधिकांश सुरक्षात्मक कोटिंग्स केवल एक ही उद्देश्य की पूर्ति करती हैं, जिसके कारण व्यापक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई परतों अथवा अतिरिक्त रासायनिक उपचारों की आवश्यकता पड़ती है। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए शोध दल ने फॉस्फोरस और फ्लोरीन आधारित एक विशेष पॉलिमर कोटिंग विकसित की है, जिसमें एक ही सामग्री में अनेक महत्वपूर्ण सुरक्षात्मक गुण समाहित किए गए हैं।

यह स्मार्ट कोटिंग विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को अनुकूलित करने में सक्षम है। यह धातु की सतहों पर जंग और क्षरण को प्रभावी ढंग से रोकती है, सतह पर मजबूत पकड़ बनाए रखती है तथा आग लगने की स्थिति में लौ के प्रसार को धीमा कर सुरक्षा बढ़ाती है। व्यापक परीक्षणों में यह कोटिंग खारे पानी, बाहरी वातावरण तथा कठोर मौसमीय परिस्थितियों में भी प्रभावी सिद्ध हुई है। प्रोफेसर संजीब बनर्जी ने कहा कि उद्योगों को जंग-रोधी क्षमता, टिकाऊपन और अग्नि-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रायः अनेक प्रकार की कोटिंग्स अथवा उपचार अपनाने पड़ते हैं। यह शोध दर्शाता है कि इन सभी महत्वपूर्ण गुणों को एक ही कोटिंग सामग्री में समाहित किया जा सकता है, जिससे उद्योगों को अधिक सरल, प्रभावी और किफायती समाधान उपलब्ध होगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह नई तकनीक धातु आधारित अवसंरचना, परिवहन प्रणालियों, औद्योगिक संयंत्रों, समुद्री संरचनाओं, ऊर्जा उपकरणों तथा अन्य महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की आयु बढ़ाने के साथ-साथ रखरखाव लागत में उल्लेखनीय कमी ला सकती है। मजबूत आसंजन क्षमता के कारण कोटिंग के उखड़ने की संभावना भी कम हो जाती है, जिससे इसकी दीर्घकालिक विश्वसनीयता बढ़ती है। शोध दल के अनुसार एक ही सामग्री में अनेक सुरक्षात्मक गुणों का समावेश होने के कारण यह तकनीक आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान तथा राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन जैसी पहलों के अनुरूप टिकाऊ अवसंरचना, औद्योगिक सुरक्षा और सतत विनिर्माण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यह उपलब्धि उन्नत सामग्री विज्ञान तथा औद्योगिक नवाचार के क्षेत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के बढ़ते वैश्विक योगदान को भी रेखांकित करती है।

# इंडोनेशिया में स्टेनलेस स्टील स्लैब उत्पादन के लिए सेल और पीटी क्राकाटाउ स्टील मिलकर तलाशेंगे संयुक्त उद्यम की संभावनाएं

### भारत-इंडोनेशिया औद्योगिक सहयोग को नई गति, स्टेनलेस स्टील परियोजना पर सेल और पीटी क्राकाटाउ स्टील के बीच समझौता ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** भारत और इंडोनेशिया के बीच औद्योगिक एवं रणनीतिक सहयोग को नई दिशा देते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (Steel Authority of India Limited-SAIL) तथा इंडोनेशिया की प्रमुख इस्पात निर्माता कंपनी पीटी क्राकाटाउ स्टील (परसेरो) टीबीके. (PT Krakatau Steel (Persero) Tbk.) ने इंडोनेशिया में स्टेनलेस स्टील स्लैब निर्माण के लिए संयुक्त उद्यम (ज्वाइंट वेंचर) स्थापित करने की संभावनाओं का संयुक्त रूप से अध्ययन करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding-MoU) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। इस समझौता ज्ञापन की घोषणा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 6 से 8 जुलाई, 2026 तक की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान भारत और इंडोनेशिया की सरकारों के बीच आयोजित उच्चस्तरीय बैठकों के अवसर पर की गई।

यह पहल दोनों देशों के बीच औद्योगिक सहयोग को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने की साझा प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण संकेत मानी जा रही है। प्रस्तावित सहयोग के तहत इंडोनेशिया के प्रचुर निकल भंडार और सेल के एकीकृत इस्पात संयंत्रों के संचालन, इस्पात उत्पादन तथा परियोजना निष्पादन में पांच दशकों से अधिक के अनुभव का समन्वय किया जाएगा। निकल स्टेनलेस स्टील निर्माण का प्रमुख कच्चा माल है और इस संसाधन तक बेहतर पहुंच से परियोजना को दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलने की संभावना है।

# यात्री वाहनों पर प्रशासन की कार्रवाई, 12 ई-रिक्शा व ऑटो चालकों पर 23 हजार रुपए का जुर्माना

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी ।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से बुधवार को परिवहन विभाग, परिवहन उड़नदस्ता और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने यात्री वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान ई-रिक्शा और ऑटो वाहनों के दस्तावेजों के साथ-साथ यातायात नियमों के पालन की गहन जांच की गई।



जांच में कई चालक बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते तथा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां ढोते पाए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 12 ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 23 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। संयुक्त दल ने वाहन चालकों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने, ओवरलोडिंग से बचने तथा सभी यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की समझाइश भी दी। अभियान में तहसीलदार धमतरी, जिला परिवहन अधिकारी, परिवहन उड़नदस्ता और यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आमजन की सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिले में इस तरह के संयुक्त जांच एवं प्रवर्तन अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# नगर पालिका परिषद कुम्हारी में मनोनीत एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण हुआ, सांसद विजय बघेल ने दी जिम्मेदारियों के निर्वहन की सीख

समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी।** कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी में मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद कुम्हारी की अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने की। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका आधिकारी नेतराम चंद्राकर , उपाध्यक्ष प्रमोद राजपूत सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण समारोह में शासन द्वारा मनोनीत पांच एल्डरमैन गोल्डी गोस्वामी, प्रणव श्रीवास्तव, श्रीमती सुनीता कुर्रे, अवधेश शुक्ला एवं मनहरण साहू को भिलाई एस डी एम महेश सिंह राजपूत ने विधिवत पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई । नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैन नगर परिषद के विकास में सहयोगी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी एल्डरमैन जनहित एवं विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए नगर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने नवमनोनीत एल्डरमैनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पद सौभाग्य के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि शपथ लेना आसान है, लेकिन उसके अनुरूप कार्य करना सबसे बड़ी परीक्षा होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संदेश है कि निरंतर कार्य करते रहिए, अवसर अवश्य मिलता है। आपकी मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा के कारण ही शासन ने आपको यह दायित्व सौंपा है आप सभी पर अब नगर के विकास के साथ साथ क्षेत्रवासियों के आशाओं को पूरा करने की बड़ी जिम्मेदारी है बिना किसी भेदभाव और व्यक्तिविशेष के आप सभी को निःस्वार्थ 2 जनहित के लिए सेवा करना है जिससे किसी को शिकायत का अवसर न मिले। सांसद विजय बघेल ने कहा कि वे स्वयं भिलाई-3 और चरोदा क्षेत्र से अपनी सार्वजनिक जीवन की शुरुआत कर आज दुर्ग लोकसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जिसमें राकेश पाण्डेय, योगेश साहू, धर्मेंद्र सिन्हा मंडल अध्यक्ष, राजू निषाद सांसद प्रतिनिधि ,मिथिलेश यादव सांसद प्रतिनिधि, सुजीत यादव सांसद प्रतिनिधि, उमाकांत साहू, डिकेश पटेल , तृप्ति चंद्राकर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, फिंगेश्वर साहू,रामकुमार सोनी, रामाधार शर्मा, जूली सिंह, एवं गीता निर्मलकार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रेम-प्रसंग बना हत्या का कारण, पत्नी के प्रेमी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** प्रार्थिया पूर्णिमा सोरी, पति योगेंद्र सोरी, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम बाजार कुर्रीडीह, स्कूलपारा, थाना केरेगांव, जिला धमतरी का लगभग एक वर्ष से शंकर सूर्यवंशी, निवासी नगरी तहसील दलौदा, जिला मंदसौर (मध्यप्रदेश) के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शंकर सूर्यवंशी समय-समय पर पूर्णिमा सोरी से मिलने उसके गांव आता-जाता था। लगभग 15 दिन पूर्व पूर्णिमा सोरी अपनी दो बच्चियों के साथ शंकर सूर्यवंशी के घर गई थी तथा चार-पांच दिन वहां रहने के बाद वापस अपने घर लौट आई थी।

दिनांक 08 जुलाई 2026 की शाम लगभग 07:00 बजे शंकर सूर्यवंशी पुनः पूर्णिमा सोरी के घर मिलने आया। रात्रि में भोजन करने के पश्चात पूर्णिमा सोरी, उसका पति योगेंद्र सोरी, दोनों बच्चे तथा शंकर सूर्यवंशी एक ही हॉल में सो गए। रात्रि लगभग 03:00 बजे, पति योगेंद्र सोरी ने पत्नी के प्रेमी शंकर सूर्यवंशी पर कुल्हाड़ी से गले पर प्राणघातक वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल शंकर सूर्यवंशी को तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल धमतरी लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही थाना केरेगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए तथा हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर आरोपी योगेंद्र सोरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए थाना केरेगांव में हत्या के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी का नाम योगेंद्र सोरी पिता स्व. रामकृष्ण सोरी उम्रः38 वर्ष निवासी- ग्राम बाजार कुर्रीडीह, स्कूलपारा, थाना केरेगांव, जिला धमतरी (छ.ग.)।

### उपमुख्यमंत्री साव की मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

**बेमेतरा।** जिला बेमेतरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर 10 जुलाई को मंडी प्रांगण, बेरला में जिला स्तरीय शाला प्रवेश-उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल सहित जिले के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होने वाले इस उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर शिक्षा के प्रति जागरूकता और विद्यालयों में नामांकन को बढ़ावा दिया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग, जिला बेमेतरा ने जिले के नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता देकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# छत्तीसगढ़ के मूर्धन्य गीतकार स्व. चमन शिंदे की जयंती पर संगोष्ठी एवं संगीतांजलि आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के मूर्धन्य गीतकार एवं साहित्यकार स्वर्गीय चमन शिंदे की जयंती के अवसर पर ममता शिंदे, सुर संझा एवं लोक मंजरी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगोष्ठी, संगीतमय श्रद्धांजलि तथा साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. डी.पी. देशमुख रहे। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक डॉ. दीनदयाल साहू, वरिष्ठ साहित्यकार सीताराम साहू, पैरी बालोद विजय वर्तमान, दुर्गाप्रसाद पारकर, रजनी रजक तथा गुलाम हैदर मंसूरी ने स्व. चमन शिंदे के साहित्य, लोक संस्कृति और छत्तीसगढ़ी गीतों में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे, जबकि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की विशिष्ट गरिमामयी उपस्थिति रही।

0 **बेमेतरा।** विकासखंड नवागढ़ की ग्राम पंचायत ईटई में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए नवीन संस्था का चयन किया जाएगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202607221400006
ग्राम-बिन्द्रानवागढ़ पहनं. 27

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका जरीना मेमन पति हासम मेमन जाति मुसलमान निवासी ग्राम-बिन्द्रानवागढ़ तहसील व जिला गरियाबंद छ.ग. के मूल निवासी द्वारा अपने सास खातो बाई का मृत्यु का दिनांक 07.11.2983 को मृत्यु होने के कारण आवेदक अपने अपने सास खातो बाई का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन सहित आवश्यक दस्तावेज पेश किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था/शासकीय/ अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे स्वंय या अपने अधिवक्ता या आम मुख्तायार के जरिये दिनांक 24.07.2026 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**गरियाबंद**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ /अ-6/2026-27
रायपुर, दिनांक 30/06/2026
ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38,
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण 1. कुंवर बाई सतनामी पिता सुकलाल बंजारे निवासी-संतगली, ग्राम तुमगांव, महासमुंद 2. अभिराखन बंजारे पिता सुकलाल बंजारे निवासी- 82, ग्राम अमेठी, पो. गुल्लू, वार्ड 9, तहसील आरंग, जिला रायपुर 3. बुधवन्तीन बाई टंडन पिता सुकलाल बंजारे पति पाण्डेयराम सोनबेर निवासी- गुल्लू, तहसील आरंग, जिला रायपुर 4. कुमारी बाई पिता सुकलाल निवासी-सतनामीपारा खमतराई रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. रायपुर 06 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 424 रकबा 0.0610 हे. एवं 432/1 रकबा 0.0330 हे. भूमि आवेदकगण की बड़ी मां खेदिया बाई एवं आवेदकगण की मां बईयन बाई के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण की बड़ी मां खेदिया बाई पिता स्व. फिरतू की मृत्यु दिनांक 08.08.2001 को अविवाहित अवस्था में हो चुकी है तथा आवेदकगण की मां बईयन बाई पिता स्व. फिरतू की मृत्यु दिनांक 26.10.2000 को हो चुकी है। जिनके विधिक वारिसान 1. कुंवर बाई सतनामी पिता सुकलाल बंजारे 2. अभिराखन बंजारे पिता सुकलाल बंजारे 3. बुधवन्तीन बाई टंडन पिता सुकलाल बंजारे पति पाण्डेयराम सोनबेर 4. कुमारी बाई पिता सुकलाल है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अतः उक्त आवेदित भूमि से मृतक खातेदारों का नाम विलोपित कर विधिक वारिसान के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 14/07/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर**

**नाम परिवर्तन**

**प्रारूप-(1)**

**समाचार पत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सूरज यादव पिता बृजलाल यादव ग्राम व पोस्ट महासमुंद, तहसील व जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग पुत्री का हिन्दी नाम कुमारी यादव तथा अंग्रेजी में नाम KUMARI YADAV पिता सूरज यादव से बदलकर हिन्दी में काजल यादव तथा अंग्रेजी में KAJAL YADAV पिता सूरज यादव रख लिया है।

**सूरज यादव**
**हस्ताक्षर**

**नाम परिवर्तन**

**प्रारूप-(1)**

**समाचार पत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वीरेन्द्र कुमार पिता किसुन ग्राम बेलटुकरी पोस्ट अछोली, तहसील व जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग पुत्री का हिन्दी नाम मीना सोनवानी तथा अंग्रेजी में नाम MEENA SONVANI पिता वीरेन्द्र कुमार से बदलकर हिन्दी में भुमिका टोण्डे तथा अंग्रेजी में BHUMIKA TONDRE पिता वीरेन्द्र कुमार टोण्डे रख लिया है।

**वीरेन्द्र कुमार**
**हस्ताक्षर**

**नाम परिवर्तन**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कीर्ति बाई पति बालीराम उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम साजन, तहसील थान खम्हरिया, जिला-बेमेतरा छग राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्री का हिन्दी नाम कुष्मांडा निषाद तथा अंग्रेजी नाम KUSHMANDA NISHAD से बदलकर कर हिन्दी नाम कामना तथा अंग्रेजी नाम KAMNA रख लिया है।

अतः समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्थानों के दस्तावेजों तथा सभी प्रमाण-पत्रों में मेरे सुपुत्री को नया नाम कामना तथा अंग्रेजी मे KAMNA नाम से जाना पहचाना जावें।

**शपथकर्ता**
**कीर्ति बाई**

**नाम परिवर्तन**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ओमप्रकाश पाटिल पिता प्रहलाद पाटिल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम नवागांवकला, तहसील थान खम्हरिया, जिला-बेमेतरा छग राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र का हिन्दी नाम खुशाल पाटिल तथा अंग्रेजी नाम KHUSHAL PATIL से बदलकर कर हिन्दी नाम कुशाल पाटिल तथा अंग्रेजी नाम KUSHAL PATIL रख लिया है।

अतः समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्थानों के दस्तावेजों तथा सभी प्रमाण-पत्रों में मेरे सुपुत्र को नया नाम कुशाल पाटिल तथा अंग्रेजी मे KUSHAL PATIL नाम से जाना पहचाना जावें।

**शपथकर्ता**
**ओमप्रकाश पाटिल**

**नाम परिवर्तन**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कीर्ति बाई पति बालीराम उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम साजन, तहसील थान खम्हरिया, जिला-बेमेतरा छग राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्री का हिन्दी नाम दिलेश्वरी निषाद तथा अंग्रेजी नाम DILESHWARI NISHAD से बदलकर कर हिन्दी नाम पलक तथा अंग्रेजी नाम PALAK रख लिया है।

अतः समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्थानों के दस्तावेजों तथा सभी प्रमाण-पत्रों में मेरे सुपुत्री को नया नाम पलक तथा अंग्रेजी मे PALAK नाम से जाना पहचाना जावें।


**शपथकर्ता**
**कीर्ति बाई**

# सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल ने बनाया नया एक दिवसीय उत्पादन कीर्तिमान

### 12 मिमी टीएमटी बार श्रेणी में 3,426 टन का रिकॉर्ड उत्पादन

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र (SAIL-BSP) की बार एवं रॉड मिल (BRM) ने उत्पादन के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार करते हुए 12 मिमी टीएमटी बार श्रेणी में एक दिवसीय उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मिल ने दिनांक 07 जुलाई 2026 को शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 3,426 टन (1,663 बिलेट्स) का रिकॉर्ड उत्पादन किया, जो इस विभाग के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ एक दिवसीय उत्पादन है। इससे पूर्व बार एवं रॉड मिल ने चालू वर्ष में ही 08 मार्च 2026 को 3,405 टन (1,653 बिलेट्स) उत्पादन का कीर्तिमान बनाया था, जिसे इस नए रिकॉर्ड ने पीछे छोड़ दिया है।



इस ऐतिहासिक उपलब्धि परभिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री चित्त रंजन महापात्र तथा कार्यपालक निदेशक (संकार्य) श्री राकेश कुमार ने बार एवं रॉड मिल की पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे संयंत्र की निरंतर प्रगति, टीमवर्क तथा उत्कृष्ट कार्य निष्पादन का प्रतीक बताया। विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक श्री योगेश शास्त्री ने इस बड़ी सफलता के लिए मिल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने रेखांकित किया कि यह अभूतपूर्व सफलता परिचालन उत्कृष्टता (ऑपरेशनल एक्सीलेंस), अनुशासित कार्यप्रणाली, बेहतर अंतर-विभागीय समन्वय तथा टीम भावना का ही परिणाम है। मुख्य महाप्रबंधक ने प्रबंधन, श्रमिक यूनियनों एवं सभी सहयोगी विभागों के प्रति उनके सतत सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि बार एवं रॉड मिल भविष्य में भी उत्पादन, गुणवत्ता एवं उत्पादकता के नए वैश्विक मानदंड स्थापित करती रहेगी। उत्पादन के इस नए कीर्तिमान के अवसर पर बीआरएम विभाग के महाप्रबंधकगण श्री आशीष, श्री शाश्वत मोहंती, श्री समीर पांडे एवं श्री शिखर तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएँ दीं। विभागीय नेतृत्व ने सामूहिक रूप से यह विश्वास व्यक्त किया कि टीम बीआरएम इसी ऊर्जा, उत्साह और कार्य प्रतिबद्धता के साथ भविष्य में भी संयंत्र के उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने और नए मील के पत्थर स्थापित करने में अपना अग्रणी योगदान देती रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### रथयात्रा के लिए तैयारी जोरों पर




**महासमुंद।** भक्तों को दर्शन देने महाप्रभु जगन्नाथ 16 जुलाई को रथ पर सवार होकर निकलेगें, इसकी तैयारी स्थानीय श्रीराम जानकी मंदिर में की जा रही है। रथयात्रा पर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुए श्रीराम जानकाी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर ने बताया कि महाप्रभु जगन्नाथ बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ 16 जुलाई की दोपहर 2 बजे महाआरती के बाद रथयात्रा पर निकलेगें। इसके लिए जगन्नाथ जी का रथ रंग रोगन किया जा रहा है। अभी भगवान जगन्नाथ बीमार है और उनका उपचार आयुर्वेदिक वैदिक विधि से किया जा रहा है। अस्वस्था के कारण महाप्रभु के मंदिर का पट बंद है। पूर्ण स्वस्थ होकर भगवान 16 जुलाई को सुबह मंगलाआरती के साथ भक्तों को दर्शन देंगे।

### सरकारी अस्पतालों की स्थिति बदतर समय पर इलाज नहीं :संजय

**महासमुंद।** जिले के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है।



मरीजों को डॉक्टरों की कमी, आवश्यक दवाइयों का अभाव और जांच सुविधाओं में देरी जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बताया कि महासमुंद जिले में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अनेक उप.स्वास्थ्य केंद्रों है, लेकिन यहां डॉक्टरों का पर्याप्त स्टाफ नहीं है। दवाइयों का अभाव और लैब की जांच में ज्यादा देरी के कारण मरीज परेशान हो रहे हैं। यहां सुविधाओं और सेवाओं में कमी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। सरकारी अस्पतालों में आने वाले ग्रामीण मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन यहां इलाज में देरी और अव्यवस्था के चलते उन्हें निजी अस्पतालों का रुख करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। आप नेताओं ने प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पतालों में डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पद शीघ्र भरे जाएं, आवश्यक दवाइयों और जांच सुविधाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, साफसफाई एवं पेयजल जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए तथा मरीजों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। यदि जिले में सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को ठीक नहीं करती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी।

# एग्रीस्टैक पोर्टल में शत-प्रतिशत किसान पंजीयन सुनिश्चित करें : कलेक्टर

### राजस्व अधिकारियों को एग्रीस्टैक बैकेटिंग एवं नजूल पट्टाधृति अधिनियम-2023 का दिया गया प्रशिक्षण

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** जिले के राजस्व अधिकारियों को आज आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय, रायपुर के प्रशिक्षकों द्वारा एग्रीस्टैक बैकेटिंग के संबंध में वर्चुअल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में जिले के राजस्व अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

वहीं एनआईसी कक्ष में नजूल पट्टाधृति अधिनियम.2023 के संबंध में भी विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू.अभिलेख सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के शत-प्रतिशत पात्र किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का त्वरित एवं पारदर्शी लाभ दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार.प्रसार कर किसानों को एग्रीस्टैक पंजीयन के प्रति जागरूक किया जाए।

आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय रायपुर के प्रशिक्षकों ने बताया कि एग्रीस्टैक भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि क्षेत्र का एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक किसान को एक विशिष्ट किसान आईडी प्रदान की जाती है। यह आईडी किसान के आधार, बैंक खाते तथा भूमि अभिलेखों को एकीकृत करती है, जिससे किसानों की पहचान और भूमि संबंधी जानकारी का डिजिटल सत्यापन संभव हो पाता है। प्रशिक्षकों ने बताया कि एग्रीस्टैक आईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, खाद एवं बीज पर मिलने वाली सब्सिडी जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा सकती है। साथ ही किसानों को बार.बार खसरा-खतौनी जैसे दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं रहती, क्योंकि समस्त जानकारी डिजिटल रूप में उपलब्ध रहती है। इससे बैंकों को भी किसानों की भूमि एवं फसल संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध होती है, जिससे किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि ऋण की प्रक्रिया सरल और तेज होती है। प्रशिक्षकों ने किसानों से अपने खेत एवं पहचान का एग्रीस्टैक पंजीयन निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी के माध्यम से कराने की अपील की।

## बारिश के बाद फिर रफ्तार पकड़ रहा अविरल सितली, निर्मल सितली अभियान

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** स्वाध्याय केंद्र द्वारा समाजसेवी स्व. अशोक चौरडिया की स्मृति में संचालित अविरल सितली, निर्मल सितली अभियान के अंतर्गत सितली नाला के सौंदर्यीकरण का कार्य पुनः गति पकड़ने लगा है। लगातार हुई बारिश के कारण कुछ दिनों तक कार्य प्रभावित रहा, लेकिन मौसम साफ होते ही नाले के समतलीकरण एवं पुल निर्माण का कार्य फिर से प्रारंभ कर दिया गया है। अभियान के माध्यम से सितली नाला को स्वच्छ, सुंदर और जनोपयोगी स्वरूप देने के साथ.साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता का संदेश भी दिया जा रहा है। अभियान में शहर के विभिन्न वर्गों के लोग लगातार सहभागिता निभा रहे हैं।



समिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने कहा कि यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि शहर के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सामाजिक सहभागिता का महाभियान है। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पुनीत अभियान से जुड़ें और तनए मन एवं धन से सहयोग देकर इसे जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करें। स्वाध्याय केंद्र एवं अभियान समिति ने विश्वास व्यक्त किया है कि नागरिकों के सहयोग से सितली नाला का सौंदर्यीकरण महासमुंद के लिए एक प्रेरणादायी मॉडल बनेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण की अमूल्य सौगात मिलेगी।

# हजारों किसान नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग कर प्राप्त कर रहे हैं बेहतर फसल

### सहकारी समितियों में 17 हजार नैनो यूरिया बॉटल उपलब्ध

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग के लिए लगातार अभियान चलाकर प्रोत्साहित और जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में महासमुंद जिले में हजारों किसान नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी को अपनाकर बेहतर फसल उत्पादन की ओर अग्रसर है।

वर्तमान में जिले के 10000 से अधिक किसान नैनो उर्वरकों का उपयोग कर फसल उत्पादन में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए आशान्वित है। कृषि विभाग एवं इफ्को द्वारा जिले में किसानों के बीच नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से किसान प्रशिक्षण, खेत प्रदर्शन, ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम एवं तकनीकी मार्गदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में किसानों ने धान सहित अन्य फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी को अपनाया। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया, का सहकारी समितियों में 17000 बॉटल 500 मिली भण्डारित किया गया है एवं कृषकों द्वारा 8100 बॉटल उठाव कर लिया गया है तथा नैनो डीएपी का सहकारी समितियों में 12400 बॉटल 500 मिली पैकिग में भण्डारित किया गया है, जिसके विरूद्ध 9600 बॉटल का उठाव कृषकों द्वारा किया जा चुका है। समय.समय पर कृषक चौपाल एवं खरीफ कैंपेन अवेयरनेस अभियान चलाकर कृषकों को नील हरित काई, हरी खाद, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग करते हुए जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। पिथौरा के ग्राम लाल माटी के कृषक गोविंद पटेल ने बताया कि उन्होंने धान की बुवाई से पूर्व बीजों का नैनो डीएपी से उपचार किया। इसके लिए प्रति किलोग्राम बीज में 5 एमएल नैनो डीएपी का उपयोग किया गया। इसी तरह पूर्व में नैनो उर्वरकों का उपयोग करने वाले किसानों ने बताया कि नैनो उर्वरकों के उपयोग से फसलों की वृद्धि अधिक संतुलित एवं स्वस्थ हुई है। पौधों में पोषक तत्वों का बेहतर अवशोषण होने से फसल की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला है तथा उर्वरकों के अधिक दक्ष उपयोग में भी सहायता मिली है।

## जबरदस्ती ई-20 इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल थोपना जनता के अधिकारों का हनन: विनोद चंद्राकर

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के उस बयान को जनता को गुमराह करने वाला बताया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से आज तक किसी गाड़ी में कोई शिकायत नहीं मिली है। श्री चंद्राकर ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने देश की जनता से बिना पूछे, बिना कोई विकल्प दिए पूरे देश में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित ई 20 पेट्रोल लागू कर दिया है। यह निर्णय किसी वैज्ञानिक आधार या उपभोक्ता की सहमति से नहीं लिया गया, बल्कि एकतरफा आदेश के रूप में जनता पर थोपा गया है।

आज दुनिया के तमाम प्रगतिशील देशों में उपभोक्ताओं को चुनने की आजादी दी जाती है। अमेरिका, ब्राजील, कनाडा और यूरोप के कई देशों में ई 10, ई 20 के साथ.साथ बिना इथेनॉल वाला शुद्ध पेट्रोल भी पंपों पर उपलब्ध है। वहां सरकारें उपभोक्ता को तय करने देती हैं कि वह अपनी गाड़ी, अपनी जेब और अपनी सुविधा के अनुसार कौन सा ईंधन लेना चाहता है। लेकिन भारत में मोदी सरकार ने यह बुनियादी विकल्प ही खत्म कर दिया। न शुद्ध पेट्रोल बचाए न कोई दूसरा विकल्प। यह सीधे-सीधे जनता के अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि ई 20 से कोई समस्या नहीं है। लेकिन देश के कोने.कोने से वाहन मालिकों की शिकायतें आ रही हैं। पुरानी गाड़ियों में इंजन में झटके लगना, माइलेज का गिरना, फ्यूल पाइप और रबर के हिस्सों का जल्दी खराब होना आम बात हो गई है। सर्विस सेंटर पर लंबी लाइनें लग रही हैं। आम आदमी अपनी मेहनत की कमाई से खरीदी गाड़ी की मरम्मत के लिए बार.बार पैसा खर्च करने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार आंकड़ों और भाषणों से इसे नकार सकती है, लेकिन सड़क पर चल रही जनता की परेशानी को नकारा नहीं जा सकता। इससे भी बड़ा सवाल कीमतों का है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल यानी क्रूड ऑयल की कीमत युद्ध से पहले वाले स्तर पर आ गई है। क्रूड 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बिक रहा है। जब दाम इतने नीचे आ गए हैं तो स्वाभाविक था कि भारत में पेट्रोल और डीजल सस्ता होता। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। सरकार इथेनॉल को महंगाई कम करने का तर्क देकर सामने लाई थी, पर आज जब क्रूड सस्ता है तब भी जनता को कोई राहत नहीं मिल रही।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से परिवार को मिला 2 लाख की बीमा राशि

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना द्वारा समय पर प्रदान की गई आर्थिक सहायता परिवार के लिए कठिन समय में आर्थिक संबल सिद्ध हुई तथा दैनिक आवश्यकताओं एवं अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में सहायक बनी। घोडारी निवासी स्व. श्रीमती सतरूपा चक्रधारी के निधन उपरांत उनके नामित उत्तराधिकारी पवन चक्रधारी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 02 लाख रुपए की बीमा राशि बैंक ऑफबड़ौदा मेन ब्रांच महासमुंद के माध्यम से आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की गई। उक्त बीमा राशि का दावा स्वीकृत कराने एवं लाभ परिवार तक पहुँचाने में जिला अग्रणी बैंक महासमुंद के प्रबंधक प्रकाश चन्द्र मेहर, शाखा प्रबंधक संदीप कुमार साव, बैंक अधिकारी अभिषेक भारती तथा एफएलसी के ओम प्रकाश पटेल का सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। इनके संयुक्त प्रयासों से मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सका। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जीवन बीमा किसी भी परिवार के लिए आर्थिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है।



उन्होंने कहा कि केवल एक छोटी वार्षिक प्रीमियम राशि जमा कर कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से जुड़ सकता है। बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके नामित परिजन को 2 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिससे कठिन परिस्थितियों में परिवार को आर्थिक सहारा मिलता है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे स्वयं तथा अपने परिवार के पात्र सदस्यों का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन कराएँ और अधिक से अधिक लोगों को इस योजना की जानकारी दें।

## क्युसीआई गुणवत्ता मूल्यांकन में धमतरी का गौरव बढ़ा, भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक ने प्रदेश में हासिल किया तृतीय स्थान

### कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दी बधाई, गुणवत्ता, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में बताया जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और संस्थागत उत्कृष्टता के क्षेत्र में धमतरी जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया- क्युसीआई) द्वारा छत्तीसगढ़ के शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के व्यापक गुणवत्ता मूल्यांकन में भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावी प्रबंधन, आधुनिक अधोसंरचना, कौशल विकास तथा विद्यार्थी-केंद्रित शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है। भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा किए गए मूल्यांकन में संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों, अधोसंरचना, रोजगार एवं नियोजन, उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग, संस्थागत प्रबंधन तथा समग्र गुणवत्ता मानकों सहित विभिन्न पहलुओं का विस्तृत परीक्षण किया गया। इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान ने प्रदेश के अग्रणी तकनीकी शिक्षण संस्थानों में अपना स्थान सुनिश्चित किया। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर संस्थान के प्राचार्य, प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि, भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक द्वारा भारतीय गुणवत्ता परिषद के मूल्यांकन में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता गुणवत्ता आधारित शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण, नवाचार तथा सामूहिक प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला प्रशासन तकनीकी शिक्षा को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक सक्षम, रोजगारोन्मुख एवं नवाचार आधारित बनाने के लिए निरंतर सहयोग प्रदान करता रहेगा। हमें विश्वास है कि संस्थान भविष्य में प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। संस्थान के प्राचार्य श्री अमित मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2026 के 120 उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से सभी 100 से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक एवं व्यावसायिक संस्थानों में रोजगार सुनिश्चित हुआ है, जो संस्थान की गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा और उद्योगों से बेहतर समन्वय का प्रमाण है। चयनित विद्यार्थियों को न्यूनतम 1.80 लाख रुपये, औसतन 3.03 लाख रुपये तथा अधिकतम 5 लाख रुपये वार्षिक वेतन पैकेज प्राप्त हुआ है।

## ई-20 पेट्रोल आम जनता पर थोपना बंद करें केंद्र सरकार, शुद्ध पेट्रोल का विकल्प दें : डॉ. रश्मि

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने देशभर में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने पर केंद्र सरकार की नीति पर गंभीर आपत्ति जताई है।



डॉ रश्मि ने कहा कि ई 20 नीति करोड़ों वाहन मालिकों पर बिना पर्याप्त तैयारी और विकल्प दिए लागू की जा रही है, जिससे आम नागरिक आर्थिक और तकनीकी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवार वर्षों की मेहनत, बैंक ऋण या किस्तों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन खरीदते हैं। ऐसे में यदि सरकारी नीति के कारण वाहनों की कार्यक्षमता प्रभावित हो, माइलेज घटे और मरम्मत का खर्च बढ़े, तो इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। डॉ रश्मि ने आरोप लगाया कि देश में आज भी बड़ी संख्या में ऐसे वाहन चल रहे हैं जो ई 20 ईंधन के अनुरूप निर्मित नहीं हैं। ऐसे वाहनों में एथनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से फ्यूल पंप, फ्यूल लाइन, इंजेक्टर, रबर सील, पाइप और इंजन के अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि एथनॉल नमी को आकर्षित करने वाला ईंधन है, जिससे ईंधन प्रणाली में जंग लगने, इंजन के पुर्जों के जल्दी घिसने तथा वाहन की कार्यक्षमता प्रभावित होने की आशंका बढ़ जाती है। यदि सरकार इस नीति को लागू करना चाहती थी, तो पहले पुराने वाहनों के लिए स्पष्ट दिशा.निर्देश, सुरक्षा उपाय और पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए था।

# 13 से 18 जुलाई तक जिले में एचपीवी टीकाकरण, तैयारी को लेकर हुई बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा.निर्देशों के अनुसार जिले में 13 से 18 जुलाई तक एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अभियान में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जाएगा।



अभियान की तैयारियों एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बीईइ सहित संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में टीकाकरण अभियान के माइक्रोप्लान, पात्र हितग्राहियों की पहचान, वैक्सीन की उपलब्धता, कोल्ड चेन प्रबंधन, टीकाकरण सत्रों के संचालन, यू.विन पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि, जन.जागरूकता गतिविधियों तथा शत.प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वी पी सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू धृतलहरे, आरएमएनसीएच सलाहकार अनुपम मिश्रा एवं हेल्थ एजुकेटर हरिशंकर साहू सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अरविंद गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान एचपीवी टीकाकरण केवल 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ;सीएचसी में लगाया जाएगा। प्रत्येक टीकाकरण सत्र मेडिकल ऑफिसर की उपस्थिति एवं निगरानी में आयोजित होगा, जिससे टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित एवं राष्ट्रीय दिशा.निर्देशों के अनुरूप संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि एचपीवी ;ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एक सामान्य वायरस है, जिसके कुछ प्रकार लंबे समय तक शरीर में बने रहने पर भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा ;सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों का कारण बनता है, समय पर लगाया गया एचपीवी टीका इस संक्रमण से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है तथा भविष्य में कैंसर के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान लगाए जाने वाले प्रत्येक टीके का विवरण यू.विन पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दिया की जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 2922 पात्र बालिकाओं का सफलतापूर्वक एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है। जिसमें विकासखंडवार सरायपाली में 507, बागबाहरा में 615, बसना में 669, महासमुंद में 552 तथा पिथौरा में 579 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को निर्धारित तिथि पर चिन्हांकित स्वास्थ्य संस्थानों में लेकर आएं तथा निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं। यह टीका भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल, कैंसर सहित एचपीवी संक्रमण से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव का एक प्रभावी एवं सुरक्षित माध्यम है।

## महापौर रामू रोहरा ने वैष्णोदेवी दर्शन के लिए रवाना हुईं 35 मातृशक्ति महिलाओं के दल को दिखाई हरी झंडी

### सफल एवं मंगलमय यात्रा की दी शुभकामनाएं

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** नगर निगम धमतरी के महापौर श्री रामू रोहरा ने मराठापारा एवं बांसपारा वार्ड से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हो रही 35 मातृशक्ति महिलाओं दल को हरी झंडी दिखाकर शुभ यात्रा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालु महिलाओं को सफल, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए माता रानी से सभी के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की।



महापौर श्री रामू रोहरा ने कहा कि माता वैष्णो देवी की यात्रा आस्था, श्रद्धा एवं विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, सकारात्मक सोच तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी यात्रियों से सुरक्षित यात्रा करने एवं माता रानी का आशीर्वाद लेकर सकुशल लौटने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मक्केश्वर वार्ड की पार्षद श्रीमती आशा लोधी ने भी सभी मातृशक्ति महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता वैष्णो देवी की कृपा सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे तथा उनकी यात्रा सुखद, सुरक्षित और सफल हो। उन्होंने सभी महिलाओं के उज्ज्वल जीवन, परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। रवानगी के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह एवं भक्ति का माहौल देखने को मिला। माता रानी के जयकारों के बीच सभी महिलाएं श्रद्धापूर्वक अपनी धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुईं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी उपस्थित होकर यात्रियों को शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पटपर में कबीर पंथियों का कार्यक्रम हुआ



**भाटापारा।** कबीर पंथी समाज द्वारा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित पटपर के साहू भवन में कबीर प्राकट्य उत्सव उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया । उक्त अवसर पर महंत मोहित दास साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यक्रम में शहर सहित आस पास से आये लगभग 20 कबीर भजन मंडली के लोगो ने कबीर भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो को भाव विज़ेर कर दिया। उक्त मौके पर स्वीकृत साहू , वीर्णा साहू, कुलेश्वर साहू, भंवर सिंग साहू , नीरा साहू, सती साहू , यामिनी साहू, मनिराम साहू, गिरधारी साहू, उत्तम साहू, खिलावन साहू, फिरतु साहू, श्रवण साहू, बाबुलाल साव , गिरधारी साहू, अशोक साहू, हरिराम साहू, राम कुमार साहू, आनंद साहू, संतोष साहू, सतीश साहू, फेरू साहू, अरूणा साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के अन्य लोग उपस्थित थे। इसके पूर्व कबीर कुटी में ज्ञानगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा कबीर के संबंध में अपने प्रखर विचार प्रकट किये । उक्त कार्यक्रम में भी रामरतन मुंधड़ा , भुंवन सिंग ठाकुर, सुरेश यदु, मंजु दीदी , हरमिन्दर चावला , तोरनदास साहू, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### तरेंगा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



**भाटापारा।** शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राम तरेंगा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान कक्षा पहली एवं छठवीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर पाठ्यपुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया। साथ ही कक्षा आठवीं एवं पाँचवीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शाला परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर मध्यान्ह ज़ेजन में सभी बच्चों को विशेष रूप से सूजी का हलवा परोसा गया, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। उक्त अवसर पर कौशल वर्मा, त्रिवेणीधनेश साहू , अविनाश शर्मा , सतीश सोनी , दीपिका वर्मा , कौशल वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई गई

**भाटापारा।** अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने ग्राम नेवारी निवासी अभियुक्त रेवाराम साहू को पीड़िता के साथ जबरदस्ती बलात्संग करने का अपराध सिद्ध होने पर 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया है। उपरोक्त संबंध में अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने बताया कि पीड़िता ने 8 जनवरी 2022 को थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 जनवरी 2022 को वह अपने किराए के घर में थी, तभी ग्राम नेवारी का रेवाराम साहू आया और बोला कि तुम्हारे पति ने बोला है कि मेरे घर में रुक जाना, तब वह नहीं रुकना है बोली, तब घर के दरवाजा को बंद कर पीड़िता को पकड़कर खाट में लेटा दिया और शारीरिक संबंध बनाया। संज़ेग करने के बाद दरवाजा खोलकर चला गया। घटना की सूचना पीड़िता ने अपने पति को बताई जिसपर थाना पहुंचकर लिखाई गई रिपोर्ट के आधार पर एफआई आर दर्ज कर गवाहों के कथन लेख, जप्ती, मुलाहिजा आदि घटना की विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# क्या ख़त्म हो जाएगा समग्र शिक्षा, या पिछले दरवाजे से होगी फिर शिक्षकों की नियुक्ति ?

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** जिले मे लोकशिक्षण संचनालय के आदेशनुसार गैर शिक्षकीय कार्यो मे लगे शिक्षको को उनके मूल स्थान मे वापस करने के आदेश तो जारी कर दिया गया किन्तु ना ही शासन को और ना ही प्रशासन को चिंता हैं कि समग्र शिक्षा के दूसरे पायदान में रहे बी आर सी पद,ऐपीसी सहित समग्र शिक्षा के संचालन का क्या होगा? डी एम सी पुरे समग्र शिक्षा को संभाल लेंगे? इस बात को लेकर कोई ठोस योजना न तो शासन के पास हैं या नहीं प्रशासन के पास।बताया जाता हैं कि बी ई ओ को बी आर सीसी कि जिम्मेदारी दि जाएगी, जो बीईओ अपने ही कार्यो को ठीक से नहीं कर पा रहे हैं वह दोहरी भूमिका मे अपना योगदान कैसे देंगे।

**अब होगा क्या?**

आम लोगो मे चर्चा तेज हैं कि अपने अपने पहुंच वाले शिक्षक अब पोटली लेकर या तो मंत्री के दरवाजे जायेंगे या लोकशिक्षण संचनालयक के अफसरों को खोजेंगे जिसकी पोटली मे जितना दम खम होगा वह अपना प्रतिनिन्युक्ति का आदेश लेकर जिले मे



पहुंचेगा,और फिर से शिक्षक ही बी आर सी सी,कार्यालयों मे अलग अलग पद पर गैर शिक्षकीय कार्य करते नजर आएंगे? प्रतिनियुक़्त को लेकर कोई माप दंड तय नहीं हैं, जिसको लेकर विभाग मे जमकर रिश्वतखोरी प्रचलन मे हैं, इसके अलावा प्रदेश सरकार इन पदो पर नई नियुक्ति करे ऐसी कोई योजना कि खबर नहीं हैं। कुल मिलाकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री का आनन फानन मे जारी निर्देश प्रदेश सरकार को बदनाम ही करेगा। नौकरशाही के दोनों हाथो मे लड्डू हैं। उनके खजाने मे और वृद्धि होंगी भ्रष्टाचार शिष्टाचार की तरह दिखाई देगा, पर शिक्षा से जुड़े हर परिवार को यह समझे देर नहीं लगेगी कि आखिर चल क्या रहा हैं। अभी सरकार ठीक तरह से नकट्टी वाले मुद्दे से उभर ही नहीं पाई हैं और दूसरा दाग तैयार हैं।

उल्लेखनीय हैं कि शिक्षा विभाग मे दो स्तर शिक्षा का संचालन होता हैं पढ़ाई, पोस्टिग शिक्षको कि नियुक्ति को लेकर अधिकार जहां जिला शिक्षा अधिकारी के पास हैं तो केंद्र सरकार के द्वारा बच्चो कि गणना,स्कूलों कि गणना,भवन,व बच्चो के समुचित विकास को ऐ पी सी कि रिपोर्ट के पोर्टल के जरिये केंद्र सरकारतक पहुँचती हैं इसके अनुसार ही केंद्र सरकार वित्तीय प्रबध करती हैं जिसमे केंद्र द्वारा 60 प्रतिशत वंही राज्य सरकार 40 प्रतिशत का वित्तीय प्रबधन किया जाता हैं। केंद्र सरकार के बजट पास होते ही प्रदेश भर मे यह मंत्री के आदेश वाला खेल हो गया।

# यातायात व्यवस्था में सुधार की दरकार

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** नगर में अब जबकि तमाम शैक्षणिक संस्थाएं एवं स्कूल कॉलेज प्रारंभ हो चुके है उसको देखते हुए 24 घंटे शहर के भीतर प्रवेश कर रहे भारी वाहनों की आवा जाही को स्कूल लगने व छुटने के दौरान रोकने की मांग लोगो ने की है । जिससे की छोटे - छोटे छात्र छात्रा सुरक्षित रूप से शैक्षणिक संस्थाओं से अपने घर तक आवा जाही कर सके । मौजुदा समय में विभिन्न जिलो के अलावा अन्य राज्यों से तेल , गुड़ , नमक , नारियल, धान , सीमेंट , छड़ , गिट्टी , रेती लदे तमाम वाहन के अलावा बड़े पैमाने पर कैप्शुल वाहन शहर के भीतर से आवा जाही कर रहे है और तो और सदर बाजार , हटरी बाजार जैसे



अत्यधिकभीड़भाड़ वाले इलाके में भी भारी वाहनों का 24 घंटे आवा जाही होने से तमाम मार्ग में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। जिससे लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनहित में बस स्टैण्ड से सती मंदिर के बीच प्रवेश करने वाले तमाम वाहनों को रोकने की जरूरत है। वहीं अनेक वाहन चोरी छिपे झुलेलाल मंदिर मार्ग की ओर से हटरी बाजार में प्रवेश कर रहे है उन्हें भी रोकने के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है । साथ ही शहर थाना से लेकर गोविंद चौंक सदर बाजार , पंचायती मंदिर , जैन मंदिर , सती मंदिर तक सड़क पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले तथा अवैध पार्किंग करके यातायात जाम करने वालों के विरूद्धभी कार्यवाही जरूरी हो गया है। इसी तरह गोविंद चौक से राम सप्ताह चौक होते हुए जय स्तंभ चौक मार्ग को भी यातायात के लिए सुगम बनाते हुए सड़क पर अवैध रूप से काबिज लोगो को हटाने की जरूरत है। वहीं इस मार्ग पर भी अवैध पार्किंक को खत्म करना जनहित में जरूरी हो गया है । इसके अलावा शहर में सुबह से देर रात तक स्टंटबाजी करते हुए वाहन दौड़ाने वाले के विरूद्ध भी कार्यवाही जरूरी हो गया है ।

# नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

### एसपी से शिकायत; कार्रवाई की मांग

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।**नौकरी दिलाने का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोदोभांठ निवासी पारेश्वर नेगी ने पुलिस अधीक्षक गरियाबंद को लिखित शिकायत सौंपकर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार वर्ष 2023 में जल जीवन मिशन के तहत आयोजित तीन दिवसीय स्वच्छ जल समिति प्रशिक्षण के दौरान उनकी पहचान महेश साहू नामक व्यक्ति से हुई थी।महेश साहू ने स्वयं को राजनांदगांव का निवासी बताते हुए एक एनजीओ के माध्यम से प्रशिक्षण देने आया होना बताया।बाद में उसने फोन कर दावा किया कि उसकी बड़े



अधिकारियों से पहचान है और वह बेरोजगार युवाओं की सरकारी नौकरी लगवा सकता है।

इसी दौरान उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रयोगशाला परिचारक,भृत्य एवं चौकीदार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी हुआ।पारेश्वर नेगी ने अपने साले योगेन्द्र यादव के लिए महेश साहू से संपर्क किया। आरोप है कि महेश साहू ने नौकरी पक्की कराने के एवज में 4.50 लाख रुपये की मांग की और अग्रिम के रूप में 1.50 लाख रुपये मांगे।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि विश्वास में आकर तीन किश्तों में 50-50 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से महेश साहू के मोबाइल नंबर से जुड़े खाते में भेजे गए।भुगतान के बाद आरोपी ने भरोसा दिलाया कि नौकरी निश्चित रूप से लग जाएगी।

बाद में भर्ती परीक्षा हुई,लेकिन परीक्षा परिणाम आने पर योगेन्द्र यादव का चयन नहीं हुआ। इसके बाद जब पारेश्वर नेगी ने आरोपी से संपर्क कर पैसे वापस मांगे तो वह लगातार टालमटोल करता रहा। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि महेश साहू ने नौकरी दिलाने के नाम पर छलपूर्वक राशि लेकर धोखाधड़ी की है।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# भाजपाइयों ने मनाया डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती

समवेत शिखर संवाददाता

**फिंगेश्वर।** भाजपा के पित्र पुरुष एवं भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्म जयंती भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य रूप से मनाया गया इस अवसर पर डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया गया, तत्पश्चाप अतिथियों का स्वागत कर डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के योगदान पर प्रकाश डाला गया उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू,भाजपा मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री भुवन लाल साहू, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सांसद प्रतिनिधि मकसूदन साहू, किसान मोर्चा के जिला कार्य समिति सदस्य भुनेश्वर साहू, मंडल मंत्री जगदेव सिंहा, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर प्रकाश डालते हुए भाजपा नेता



रामू राम साहू ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी जनसंघ के संस्थापक रहे हैं, कथा उनका याद भाजपा एवं जनसंघ के पित्र पुरुष के रूप में किया जाता है, साहू ने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी का योगदान एवं कार्य हम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए बहुत ही प्रेरणादाई है वे भारत मां के सच्चे सपूत तथा राष्ट्रभक्त रहे हैं

उक्त अवसर पर भाजपा मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री लाल साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय के सरकार ने मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए महतारी वंदन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सहित अनेक जनहितकारी कार्य सफलतापूर्वक कर रहे हैं, इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू, मकसूदन साहू, भुवन लाल साहू, भुनेश्वर साहू, हीरामन साहू, जगदेव सिन्हा, दौलत राम साहू, सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

# आरंग नपा में एल्डरमैन नियुक्ति पर भाजपा पार्षदों ने जताई आपत्ति, मंडल अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता

**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग में हाल ही में हुई एल्डरमैन नियुक्ति को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कुछ पार्षदों एवं भाजपा कार्यकर्ताओ ने अपने हस्ताक्षर युक्त पत्र के माध्यम से आपत्ति दर्ज कराते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में नियुक्ति पर पुनर्विचार कर संशोधित सूची जारी करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में पार्षदों एवं भाजपा कार्यकर्ताओ ने आरोप लगाया है कि नियुक्त एल्डरमैनों में शामिल श्रीमती निर्मला साहू पूर्व में कांग्रेस पार्टी से जुड़ी रही हैं और वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा में शामिल हुईं। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि उनके विरुद्ध पूर्व में बैहार सरपंच रहते भ्रष्टाचार से जुड़े आरोप लगे थे, जिससे पार्टी की छवि प्रभावित हो रही है।

पार्षदों का कहना है कि इस नियुक्ति को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार टिप्पणियां और पोस्ट वायरल हो रही हैं तथा भाजपा कार्यकर्ताओं में भी असंतोष का माहौल है। उनका कहना है कि ऐसे मामलों के कारण नगर पालिका की सामान्य सभा में विपक्ष को भाजपा पर सवाल उठाने का अवसर मिलेगा।

ज्ञापन में भाजपा संगठन से आग्रह किया गया है कि वरिष्ठ पदाधिकारियों को इस विषय से अवगत कराते हुए नियुक्ति पर पुनर्विचार किया जाए और आवश्यक होने पर संशोधित सूची जारी की जाए, ताकि कार्यकर्ताओं में व्याप्त असंतोष दूर हो सके।

इस ज्ञापन की प्रतिलिपि समोदा आगमन पर मुख्यमंत्री बिष्णु देव साय,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, रायपुर ग्रामीण संगठन प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को भी भेजी गई है।

# बढ़व संगवारी संस्था ने किया कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम पंचम दीवान शास कन्या उच्च माध्य विद्यालय में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें रायपुर की संस्था बढ़व संगवारी की टीम ने स्कूल पहुंचकर कैरियर काउंसलिंग किया। कार्यक्रम में डॉ मीरा बघेल ने साइकोमैट्रिक टेस्ट लेकर बच्चों को स्वयं को जानने का कौशल सिखाया। विष्णु बघेल ने कार्यक्रम का आरंभ करते हुए भारतीय संविधान का पाठ कराया तथा संविधान के उद्देश्यों को पूरा करने में अपनी भूमिका जानने की प्रेरणा दी। शिवकुमार वर्मा ने पढ़ाई के सही तरीके की जानकारी देकर



कैरियर मार्गदर्शन देते हुए बारहवीं के बाद के विभिन्न विषयों और संस्थानों की जानकारी दी। डॉ वासु वर्मा ने बढ़ती उम्र में आवश्यक पोषण आहार के स्त्रोत की जानकारी दी। वहीं डॉ पूनम आडिल ने किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए मासिक धर्म के समय स्वच्छता पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शैलेन्द्र नामदेव ने आभार व्यक्त किया । उक्त अवसर पर ,गायत्री आडील, केशव वर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजुद थे।

# आकाश कश्यप मौत मामला : दुर्घटना नहीं, हत्याकांड निकला, 6 आरोपी गिरफ्तार

### पोस्टमार्टम और जांच में मारपीट से मौत की पुष्टि, घटना में प्रयुक्त डंडे बरामद, मामूली विवाद बना हत्या की वजह

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** मैनपुर क्षेत्र के बहुचर्चित आकाश कश्यप मौत मामले में बड़ा खुलासा करते हुए पुलिस ने इसे सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या का मामला बताया है। विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है,जबकि वारदात में शामिल एक 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय अधिनियम के तहत संरक्षण में लिया गया है। मामले का खुलासा होने के साथ ही उस दुर्घटना की कहानी का भी पर्दाफाश हो गया, जिसे लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं चल रही थीं।

मैनपुर थाना पुलिस के अनुसार,1 जुलाई 2026 को आकाश कश्यप की संदिग्ध मौत के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई थी।पोस्टमार्टम रिपोर्ट चिकित्सकीय परीक्षण और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि युवक की मौत गंभीर मारपीट से हुई थी।इसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर संदिग्धों से गहन पूछताछ शुरू की।



पूछताछ के दौरान आरोपियों ने सामूहिक रूप से आकाश कश्यप के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो लकड़ी के डंडे भी बरामद किए गए।

पुलिस ने इस मामले में देवकुमार निषाद (20), भीखम यादव (18),मनीष यादव (19),लक्की नेताम (19),लोकेश यादव (23) और डिगेंद्र निर्मलकर (18) को गिरफ्तार किया है। वहीं एक 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना किसी पूर्व नियोजित साजिश का परिणाम नहीं थी, बल्कि मामूली विवाद के बाद अचानक भड़की हिंसा ने जानलेवा रूप ले लिया। हालांकि पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मारपीट के पीछे कोई पुरानी रंजिश या अन्य कारण तो नहीं था।

सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के पर्यवेक्षण में मैनपुर थाना पुलिस की विशेष टीम ने की। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना अभी जारी है। जांच के दौरान यदि कोई नए तथ्य सामने आते हैं तो आरोपियों के विरुद्ध अतिरिक्त धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं।

# कलेक्टर ने सुदूर वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों के शासकीय संस्थानों का किया आकस्मिक निरीक्षण

### दुर्गम पहाड़ी पर सेवाएं दे रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशामोतिन नेताम होंगी स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने आज जिले के सुदूर वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों के विभिन्न शासकीय संस्थानों एवं निर्माण कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया।उन्होंने ग्राम जोबा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर खाद्यान्न भंडारण,वितरण व्यवस्था एवं स्टॉक पंजी का अवलोकन किया।इस दौरान राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों से चर्चा कर राशन वितरण एवं खाद्यान्न की गुणवत्ता जांच की।जिस पर हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें प्रत्येक माह नियमित समय पर राशन सामग्री मिल जाती है। कलेक्टर ने सेल्समेन को निर्देशित किया कि वे पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा के अनुसार समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराएं तथा वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखें।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र नवागढ़, शासकीय प्राथमिक विद्यालय नवागढ़ एवं



आदिवासी बालक आश्रम धवलपुर पहुंचकर वहां संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र नवागढ़ का निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति, पूरक पोषण आहार वितरण एवं केन्द्र की साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को चॉकलेट वितरित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से दर्ज बच्चों की संख्या, नियमित उपस्थिति तथा कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने को कहा।उन्होंने शासकीय प्राथमिक विद्यालय नवागढ़ पहुंचकर कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश के वितरण तथा शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। श्री उइके ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों से गणित, अंग्रेजी एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछकर उनका ज्ञान स्तर परखा। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक कार्यो के साथ-साथ बच्चों को नैतिक, व्यवहारिक, सामाजिक शिक्षा के साथ अनुशासन एवं सामान्य ज्ञान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

श्री उइके ने आदिवासी बालक आश्रम धवलपुर में छात्रावास की व्यवस्थाओं,भोजन की गुणवत्ता, पेयजल,स्वच्छता,शयन व्यवस्था तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।उन्होंने छात्रों से चर्चा कर उनकी पढ़ाई एवं आश्रम में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण तथा आवश्यक सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें बेहतर वातावरण में अध्ययन का अवसर मिल सके।कलेक्टर श्री बीएस उइके ने आंगनबाड़ी केन्द्र कुल्हाड़ीघाट,मटाल तथा शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम कुल्हाड़ीघाट का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने बच्चों की उपस्थिति,पोषण आहार वितरण,साफ-सफाई एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। छात्राओं से चर्चा कर उनकी पढ़ाई,भोजन एवं छात्रावास की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी व्यवस्थाएं नियमित एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

# सेहरापानी में गूंजी छत्तीसगढ़िया एकता की आवाज



### सेनानी बैठक में सदस्यता अभियान को मिली नई गति

समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के तत्वावधान में रविवार 5 जुलाई को ग्राम सेहरापानी में आयोजित सेनानी बैठक में छत्तीसगढ़िया एकता, संगठन विस्तार और जनजागरण का संदेश गूंजा।

बैठक के साथ चलाए गए सदस्यता अभियान में बड़ी संख्या में नए साथियों ने उत्साहपूर्वक संगठन की सदस्यता ग्रहण कर छत्तीसगढ़िया विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया।बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित होना आवश्यक है।इसी उद्देश्य के साथ गांव-गांव पहुंचकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का अभियान लगातार तेज किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान नए सदस्यों को सदस्यता पर्ची प्रदान की गई तथा उन्हें संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और आगामी जनजागरण अभियानों की जानकारी दी गई।

उपस्थित सेनानियों ने अपने-अपने गांवों में सदस्यता अभियान को और अधिक गति देने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया।बैठक में छत्तीसगढ़ महतारी के सम्मान, सामाजिक एकजुटता और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। सभी उपस्थित सेनानियों ने एक स्वर में कहा कि संगठन की मजबूती से छत्तीसगढ़िया समाज की आवाज और अधिक प्रभावशाली बनेगी। कार्यक्रम में इगेश्वर नागेश, पूरन नागेश, संतोष यादव, पवन नेताम, अर्जुन नेताम, जलंधर जगत, परमेश्वर नेताम, सुरेंद्र कुमार, भानुप्रताप यादव, चैतराम ध्रुवा, अजय नेताम, परमेश्वर नागेश, पुष्पराज साहू, चोखेलाल साहू सहित बड़ी संख्या में सेनानी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 43 शिक्षकों से 10-12 करोड़ की ठगी का खुलासा, जांच के बाद 5 आरोपी गिरफ्तार

**कोंडागांव।** कम समय में अधिक पैसा कमाने और एक साथ कई बैंकों से पर्सनल लोन दिलाने का झांसा देकर शिक्षकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक अंतरजिला संगठित गिरोह का कोंडागांव पुलिस ने पर्दाफाश किया है। करीब तीन महीने तक चली तकनीकी और वित्तीय जांच के बाद फरसगांव और केशकाल पुलिस ने पांच आरोपियों को अंबिकापुर, जशपुर और सारंगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अब तक 43 शिक्षकों को अपना शिकार बना चुके हैं। जांच में करीब 10 से 12 करोड़ रुपये की ठगी सामने आई है। मामले की जांच अभी जारी है और पुलिस को आशंका है कि पीड़ितों की संख्या और बढ़ सकती है। मामले से जुड़े कुछ शिक्षकों का दावा है कि बदनामी और सामाजिक संकोच के कारण कई पीड़ित अब तक पुलिस के सामने नहीं आए हैं। उनका कहना है कि जिले में करीब 150 से 200 शिक्षक इस गिरोह के झांसे में आए हो सकते हैं। हालांकि पुलिस ने फिलहाल 43 शिक्षकों से ठगी की पुष्टि की है और अन्य मामलों की जांच जारी है।

### चोरी के आरोप के बाद आरक्षक की बेटी ने लगाई-फांसी

**कोरिया।** जिले के बैकुंठपुर में आरक्षक की बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आईसी मार्ट के संचालक ने उस पर कॉस्मेटिक सामान की चोरी करने का आरोप लगाकर स्कूटी जब्त कर ली थी। छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपए की डिमांड की। चोरी का नोट भी लिखवा लिया। जिससे परेशान होकर पूजा सिंह (17) ने सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली। उसने लिखा है कि, मम्मी-पापा मुझे माफकर देना। मेरी वजह से आप लोगों को बदनामी झेलनी पड़ रही है। अब छात्रा को न्याय दिलाने के लिए पुलिस परिवार के लोगों ने गुरुवार को थाने का घेराव किया है। परिजन और पुलिस परिवार के सदस्यों ने आईसी मार्ट संचालक के खिलाफ FIR और गिरफ्तारी के बाद ही पोस्टमॉर्टम कराने की मांग की। पुलिस ने मामले में संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े ने भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### 11 जिलों में बारिश, तापमान लुढ़का

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मानसून का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। गुरुवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई। मंडला में सबसे ज्यादा पौन इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। सिंगरौली में आधा इंच से अधिक और बालाघाट में आधा इंच बारिश हुई। इसके अलावा बैतूल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, खजुराहो, सागर, सतना और सीधी में भी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार को भिंड में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं मुरैना, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, राजगढ़, आगर-मालवा और रतलाम में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

# गांवों में खेल और बाल विकास की बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता : राजस्व मंत्री वर्मा

## सरोरा में विकास की दोहरी सौगात- 1.60 करोड़ के मिनी स्टेडियम और 11.86 लाख के आंगनबाड़ी भवन का हुआ लोकार्पण-भूमिपूजन

समवेत शिखर संवाददाता

**तिल्दा/सरोरा।** छत्तीसगढ़ सरकार गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष पहल कर रही है। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के जरिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। राज्य में बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। रायपुर जिले के तिल्दा विकासखंड के ग्राम पंचायत सरोरा में विकास कार्यों की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। यहां 1 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा 11.86 लाख रुपये की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ बच्चों, महिलाओं और युवाओं के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भवन से क्षेत्र के नौनिहालों को बेहतर पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और सुरक्षित वातावरण मिलेगा, वहीं मिनी स्टेडियम बनने से ग्रामीण युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर मंच उपलब्ध होगा और गांव में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।



ग्राम सरोरा में एक ही दिन बाल विकास और खेल अधोसंरचना से जुड़े इन दो महत्वपूर्ण कार्यों के शुभारंभ को ग्रामीणों ने विकास की बड़ी सौगात बताया। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इन कार्यों से गांव में बच्चों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

मंत्री श्री वर्मा ने सरोरा में स्वामी विवेकानंद स्कूल (कक्षा 1ली से 12वीं तक) खोलने की बात कही। इसी तरह उन्होंने अधूरे आईटीआई भवन निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की घोषणा की, जिससे क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षित होने का मौका मिलेगा और स्थानीय उद्योगों में रोजगार के अवसर मिलेंगे। ?इसके साथ ही उन्होंने बुनियादी कार्यों के लिए राशि और घोषणाएं कीं जिसमें ?स्कूल मैदान में अहाता निर्माण के लिए 20 लाख रुपये,? सायकल स्टैंड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये, शेड निर्माण, बुंदेली गांव में स्कूल निर्माण के लिए 10 लाख रुपये, सरोरा स्कूल के लिए वाटरकूलर, मुक्तिधाम शेड तथा बुंदेली में एक सामुदायिक भवन की घोषणा की।

छत्तीसगढ़ में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। बलौदाबाजार क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी और आवागमन को मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की राशि पहले ही स्वीकृत की गई है। इसके तहत तिल्दा से सांकरा मार्ग और बलौदाबाजार से भाटापारा मार्ग के निर्माण के लिए 25 -25 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके साथ ही, बलौदाबाजार से सिमगा मार्ग के लिए 50 करोड़ रुपये और पड़कीडीह मार्ग के लिए 35 करोड़ रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है, जिससे स्थानीय यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम हो जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करते हुए राज्य के सभी घरों में पानी, शौचालय, राशन कार्ड, उज्ज्वला गैस और हर घर को पक्का बनवाया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर महीने 1000 रुपये दिए जा रहे हैं। वहीं, किसानों को उनके धान का 3100 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य दिया जा रहा है, जिससे उनके जीवन में समृद्धि और खुशहाली आई है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में 26 लाख आवासों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मंत्री श्री वर्मा ने लोगों को एक प्रेरणादायक कहानी भी सुनाई। उन्होंने वैचारिक दृढ़ता पर जोर देते हुए कहा कि हमारे अंदर एक विचार होगा तो सोचने की शक्ति होगी। हम जो सोचते और विचार करते हैं, उनके अनुसार ही हम काम करते हैं। अगर हम अच्छा विचार करेंगे तो काम भी अच्छा होगा, सही विचार हमारी जिंदगी को बदल सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष, नगर पालिका तिल्दा-नेवरा की अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शराब के नशे में स्कूल पहुंचा हेडमास्टर

## डीईओ ने किया सस्पेंड

समवेत शिखर संवाददाता

**सूरजपुर।** जिले में प्राइमरी स्कूल का हेडमास्टर शराब के नशे में स्कूल पहुंच गया। हेडमास्टर इस कदर नशे में धुत था कि वह खुद को संभाल भी नहीं पा रहा था और स्कूल के बाहर जहां जूते-चप्पल बाहर रखे थे, वहीं जमीन पर लेट गया। हेडमास्टर ने बच्चों और ग्रामीणों से नशे की हालत में गाली-गलौज की।

वहां मौजूद ग्रामीणों ने हेडमास्टर को समझाया तो कहने लगा फालतू बात नहीं करना। मुझसे बात मत करना। ग्रामीणों ने जब कहा वीडियो कलेक्टर के पास पहुंच जाएगा। इस पर हेडमास्टर धमकाते हुए कहा पटककर मारूंगा। क्या कर लोगे मेरा। ग्रामीणों ने हेडमास्टर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

जानकारी के अनुसार, नशे में धुत हेडमास्टर का नाम हरिनंदन सिंह है। वह रामानुजनगर ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल खोरखोरीपारा में हेडमास्टर के पद पर पोस्टेड हैं। सूरजपुर डीईओ ने हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया है। प्राइमरी स्कूल का हेडमास्टर शराब के नशे में स्कूल पहुंच गया।

# आरंग की गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी सील

## 20 हजार उपभोक्ताओं पर गैस संकट के बादल, डीएसी लेकर पर्ची देने के आरोपों से बढ़ी चिंता, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग तेज

समवेत शिखर संवाददाता

**आरंग।** आरंग स्थित गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के अधिकारियों द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई के तहत सील कर दिया गया है। एजेंसी के संचालन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों और कथित अनियमितताओं के बाद हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के लगभग 20 हजार एलपीजी उपभोक्ताओं के सामने घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

एजेंसी सील होने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कब और कैसे की जाएगी। बड़ी संख्या में उपभोक्ता अब गैस आपूर्ति को लेकर असमंजस और चिंता में हैं।

इधर, कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि पिछले कुछ दिनों से एजेंसी के कर्मचारी उन्हें फोन कर या कार्यालय बुलाकर डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (DAC) प्राप्त कर रहे थे। इसके बदले उन्हें एक पर्ची देकर भरोसा दिलाया गया कि इसी के आधार पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति कर दी जाएगी। हालांकि, शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उनसे छ्ष्ट लेने के बावजूद अब तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं की गई।




एजेंसी सील होने के बाद ऐसे उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ गई है। यदि किसी उपभोक्ता के नाम पर सिस्टम में सिलेंडर की डिलीवरी दर्ज हो चुकी है, लेकिन वास्तविक रूप से उसे सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ है, तो ऐसे मामलों का समाधान कैसे होगा, यह बड़ा प्रश्न बन गया है। इस पूरे मामले को लेकर उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है और कुछ लोगों ने संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराने की मांग भी उठाई है।

गौरतलब है कि गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतें पहले भी समय-समय पर सामने आती रही हैं। ऐसे में एजेंसी को सील करने की कार्रवाई के साथ-साथ प्रभावित उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और गैस वितरण की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना भी आवश्यक माना जा रहा है।

अब उपभोक्ताओं ने प्रशासन और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से मांग की है कि जिन लोगों से DAC लेकर केवल पर्ची दी गई और गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हुई, उनके मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए। साथ ही क्षेत्र के लगभग 20 हजार उपभोक्ताओं को बिना किसी व्यवधान के गैस उपलब्ध कराने के लिए तत्काल वैकल्पिक वितरण व्यवस्था लागू की जाए।

# मुर्गी दाना-विटामिन में महंगाई से बढ़े अंडे के दाम

## थोक में 6.55, चिल्हर में 8 रुपए प्रति नग

समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण मुर्गी दाना और विटामिन के दाम बढ़ने से अंडों की कीमत आसमान पर चली गई है।गर्मी के कारण उत्पादन भी कम हो गया।ऐसे में पोल्ट्री में जहां इस समय कीमत 6.55 रुपए है,वहीं चिल्हर में इसके दाम 7.50 से 8 रुपए हो गए हैं। अब मानसून का प्रारंभ हो गया है तो दाम कुछ कम होने की संभावना इसके पहले अंडों का कुवैत भेजा बहुत है।आना बंद होने से दाम बहुत कम हो गए थे, लेकिन अब फिर से अंडे कुवैत भेजने के कारण दाम बढ़ गए हैं।छत्तीसगढ़ की गिनती देश के अंडों का ज्यादा उत्पादन करने वाले राज्यों में होती है। अपने प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है।इसमें से 45 से 50 फीसदी अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं,बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है। गर्मी के समय में जब खपत कम हो जाती है,तब बहुत परेशानी होती है।ऐसे में उत्पादन कम करना पड़ता है।गर्मी के कारण इस बार भी अब तक अंडों का उत्पादन रोज 20 लाख कम हो गया।



पोल्ट्री में 6.55 रुपए, उत्पादन भी कम है।अब मानसून के प्रारंभ होने पर आगे चलकर उत्पादन बढ़ेगा।

### मुर्गी दाना और विटामिन के दाम बढ़े

अंडों के दाम बढ़ने के पीछे का एक बड़ा कारण मुर्गी दाना और विटामिन के दाम बढ़ाना बताया जा रहा है।पोल्ट्री कारोबारियों के मुताबिक मुर्गियों को जो मक्का और कनकी का दाना दिया जाता है,उसके दाम बढ़ गए हैं।जहां मक्के का दाम 19 रुपए किलो से बढ़कर 26 रुपए किलो हो गया है,वहीं कनकी के दाम 16 रुपए से बढ़कर 23 रुपए हो गए हैं। जो विटामिन पहले 500 से 600 रुपए किलो मिलती थी, उसके दाम डबल होकर 11 से 12 सौ रुपए तक पहुंच गए हैं। यह विटामिन विदेशों से आती है। युद्ध के कारण इसके दाम बढ़े हैं।

### मटेरियल के कारण दाम बढ़े

मुर्गियों को खिलाए जाने वाले मुर्गी दाने और विटामिन के दाम बढ़ने के कारण अंडों की कीमत में इजाफा हुआ है।आने वाले समय में मानसून में दाम कुछ कम हो सकते हैं।

**-धनराज बैनर्जी,**
**पोल्ट्री फार्म कारोबारी**






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2026-28 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### 12 जुलाई को आयोजित होगी सूबेदार, उप निरीक्षक प्रारंभिक परीक्षा, दंतेवाड़ा में 429 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन 12 जुलाई 2026 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। इस संबंध में जिले में परीक्षा के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार परीक्षा की समुचित व्यवस्थाएं परीक्षा प्रभारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्री भरतराम ध्रुव द्वारा सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा के निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में दंतेवाड़ा जिले में परीक्षा के लिए दो परीक्षा केंद्र शासकीय दंतेश्वरी पीजी कॉलेज में (229 अभ्यर्थी) तथा शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में (200 अभ्यर्थी) परीक्षा देंगे। इस प्रकार जिले में कुल 429 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचने तथा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

### दंतेवाड़ा में 3 दिवसीय खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन 2026 कार्यक्रम का हुआ आयोजित

**दंतेवाड़ा।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (फसाई) नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मध्य हुये समझौता ज्ञापन 2023 से 2026 तक खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन (फॉस्टेक) में स्वीकृत कार्ययोजना 2025-26 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त 33 जिला मुख्यालयों एवं 146 ब्लॉक में फॉस्टेक प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसकी परिपालन में जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा 3 दिवसीय खाद्य सुरक्षा से संबंधित खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन (फॉस्टेक) निःशुल्क कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार दंतेवाड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जाहिरा खान, अभिहित अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन दंतेवाड़ा ने प्रशिक्षण के मूलभूत उद्देश्य एवं पंजीकरण प्रक्रिया का जानकारी दी। शिक्षा एवं कल्याण समिति प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षक शिव प्रजापति ने खाद्य पाठ्यक्रम, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, संस्था पंजीकरण एवं व्यवस्था, खाद्य पदार्थों का गुणवत्ता मानक एवं मापक के बारे में पीपीटी के माध्यम से बताया। इस प्रकार प्रथम दिवस 8 जुलाई 2026 को दंतेवाड़ा एवं गीदम में तथा द्वितीय दिवस 9 जुलाई 2026 को बचेली एवं किरंदुल एवं 10 जुलाई 2026 को जिला पंचायत दंतेवाड़ा के प्रशिक्षण सभागार में खाद्य कारोबारकर्ताओं हेतु सामुदायिक भवन, आर.ई.एस कॉलोनी में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अलावा उपरोक्त पूर्व दिवस में प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं होने वाले कारोबारकर्ताओं के लिए 10 जुलाई 2026 को पूनः प्रशिक्षण का आयोजन किया गया हैं।

# बस्तर की मातृशक्ति आज समाज में परिवर्तन की सशक्त वाहक बनकर उभरी : वन मंत्री कश्यप

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** स्थानीय पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में गुरुवार को आयोजित संभाग स्तरीय 'दीदी के गोठ' के बारहवाँ संस्करण कार्यक्रम आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन का सशक्त मंच बनकर उभरा। बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से पहुंची हजारों महिलाओं की सहभागिता से सभागार उत्साह और ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में 'लखपति दीदियों' की प्रेरणादायी सफलता की कहानियों ने महिलाओं में आत्मविश्वास और स्वावलंबन का नया संदेश दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि वन, जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर की मातृशक्ति ने कठिन परिस्थितियों में भी अदम्य साहस का परिचय दिया है और आज वे समाज में परिवर्तन की सशक्त वाहक बनकर उभरी हैं। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी संभव हुआ है, जब महिलाओं ने उन्हें अपनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने वर्ष 2004 से महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज बिहान, मध्याह्न भोजन और अन्य योजनाओं के माध्यम से बस्तर की महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। कार्यक्रम में बस्तर के सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण पर निर्भर करती है। उन्होंने स्व-सहायता समूहों की भूमिका, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और 'लखपति दीदी योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देशभर में करोड़ों महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा महिलाओं को संपत्ति में प्राथमिकता जैसे निर्णय महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाले कदम हैं। कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल ने कहा कि आज बस्तर की महिलाएं केवल परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मुर्गीपालन, बकरीपालन, मत्स्यपालन, सब्जी उत्पादन तथा अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ बन रही हैं। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और अब वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से सीधे संवाद कर रही हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने भी महिलाओं की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चपका की श्रीमती नीतू झा, सुलेंगा की श्रीमती सुगनी कश्यप और इरपा की श्रीमती हेमबती नाग सहित कई सफल 'लखपति दीदियों' को सम्मानित किया गया।

## कटेकल्याण के अंदरूनी स्कूलों में पहुंचे कलेक्टर बच्चों से संवाद कर परखी शिक्षा की गुणवत्ता

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** आज कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने ब्लॉक कटेकल्याण के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम मारजूम, चिकपाल एवं परचेली के शासकीय प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनका नाम, कक्षा तथा पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। इस क्रम में सर्वप्रथम ग्राम मारजूम के स्कूलपारा प्राथमिक शाला में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा पांचवी के एक छात्र से पहाड़ा सुनाने के लिए कहा। छात्र ने बिना देखे 9 का पहाड़ा पूरी तरह सही ढंग से सुनाकर कलेक्टर को प्रभावित किया। बच्चों का आत्मविश्वास देखकर कलेक्टर ने उनकी सराहना की तथा शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे विद्यार्थियों की झिझक दूर करने पर विशेष ध्यान दें, ताकि बच्चे बिना संकोच अपनी बात रख सकें और कक्षा गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें।

इस दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने विद्यालयों में दर्ज छात्र संख्या, विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र की उपलब्धता, गणवेश वितरण, पाठ्यपुस्तकों के वितरण तथा लर्निंग आउटकम की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति, सीखने की प्रगति और शिक्षण पद्धति के संबंध में चर्चा करते हुए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस क्रम में कलेक्टर ने ग्राम चिकपाल और परचेली के प्राथमिकष्षालाओ में पहुंचकर बच्चों के नियमित रूप से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी चेकअप पर फोकस करते हुए जानना चाहा कि विद्यार्थियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, प्रत्येक प्राथमिक शालाओं में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सर्वांगीण विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि जिले के दूरस्थ और अंतिम छोर तक स्थित विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

## बस्तर में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा की हुई शुरूआत, जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के सात विकासखण्डों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का व्यापक आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले भर में परिवार नियोजन से संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार और जागरूकता गतिविधियाँ पूरी ताकत के साथ संचालित की जा रही हैं। इस वर्ष इस अभियान को एक बेहद आकर्षक और प्रभावी संदेश के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है कि जब बच्चों में हो सही अंतराल, तो परिवार बनता है स्वस्थ और खुशहाल। ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य के प्रति अलख जगाने वाले इस महत्वपूर्ण पखवाड़े को पूरी तरह प्रभावी बनाने के लिए दो विशेष चरणों में विभाजित किया गया है। इसके पहले चरण यानी मोबिलाइजेशन पखवाड़े के तहत विभाग का पूरा मैदानी अमला धरातल पर सक्रिय हो गया है, जिसमें खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, सुपरवाइजर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानीन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर योग्य दंपत्तियों से सीधा संपर्क साध रहे हैं। ग्रामीणों को जनसंख्या स्थिरीकरण की अहमियत बेहद सरल और पारम्परिक ढंग से समझाने के लिए मोबाइल मीडिया और विशेष प्रचार वैन के साथ-साथ सास-बहू सम्मेलन जैसे अनूठे माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है, जो ग्रामीणों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

# नेगीगुड़ा में पीलिया की रोकथाम एवं उपचार में जुटी स्वास्थ्य विभाग

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** जगदलपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत घाटपदमुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम नेगीगुड़ा में पीलिया (जॉन्डिस) फैलने की खबर मिलते ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तरह सजग होकर रोकथाम एवं उपचार सेवाएं प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक के मार्गदर्शन में प्रभावित क्षेत्र में युद्ध स्तर पर राहत और उपचार कार्य शुरू कर दिया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों द्वारा प्रभावित ग्रामीणों की निगरानी की जा रही है।

इस मौसमी बीमारी को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की दो विशेष टीमें लगातार क्षेत्र में डटी हुई हैं, जिन्होंने व्यापक अभियान चलाते हुए कुल 377 घरों का सघन सर्वे पूरा किया है। सर्वे के दौरान सामने आए संभावित पीलिया के मरीजों को तत्काल आवश्यक उपचार और उचित चिकित्सीय सलाह दी गई। इसके साथ ही मितानिन दीदियों की मदद से हर घर में क्लोरीन टैबलेट, जिंक की गोलियां और ओआरएस पाउडर का वितरण किया गया है ताकि बीमारी के फैलाव को रोका जा सके। संक्रमण के मुख्य स्त्रोत को खत्म करने के उद्देश्य से क्षेत्र में मौजूद पानी के कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और वितरण भी किया गया है। पीलिया फैलने के मुख्य कारण यानी दूषित जल की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पानी के सैंपल एकत्रित कर जांच हेतु लैब भेज दिए हैं। सीएमएचओ ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर प्रभावित क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पानी के सभी स्त्रोतों की त्वरित सफाई कराने कहा है। इस पूरे रोकथाम एवं उपचार अभियान में क्षेत्र की चिकित्सा दल के साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिन दीदियां पूरी सक्रियता से जुटी हुई हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से जगदलपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, महामारी नियंत्रण के नोडल अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कुम्हरावंड डॉ. वीरेंद्र ठाकुर, नानगुर के प्रभारी बीएमओ डॉ. आरएस भंवर और एपिडिमोलॉजिस्ट दीपक पाणिग्रही उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ. बसाक ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी तरह से न घबराएं और सतर्कता बरतें। विभाग ने सभी को पानी हमेशा उबालकर और छानकर ही पीने की सलाह दी है, साथ ही यह भी कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को उल्टी, दस्त या आंखों और पेशाब में पीलापन जैसे लक्षण दिखें, तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य शिविर या मितानिन दीदी से संपर्क कर अपना इलाज शुरू करवाएं।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

## विंबलडन में भारतीय टेनिस का नया सितारा, अर्नव पापरकर 36 साल बाद जूनियर क्वार्टर फाइनल में



**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस के लिए विंबलडन से एक बेहद उत्साहजनक खबर सामने आई है। देश के युवा खिलाड़ी अर्नव पापरकर ने जूनियर एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया है। मौजूद जानकारी के अनुसार वह पिछले 36 वर्षों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले वर्ष 1990 में लिएंडर पेस ने न सिर्फ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी, बल्कि खिताब भी अपने नाम किया था। ऐसे में अर्नव का यह प्रदर्शन भारतीय टेनिस के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

18 वर्षीय अर्नव पापरकर ने जापान के रियो तबाता को सीधे सेटों में 6-2 और 6-1 से हराया। यह मुकाबला केवल 52 मिनट तक चला, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा। गौरतलब है कि इससे पहले रियो तबाता दो बार अर्नव को हरा चुके थे। एक मुकाबले में तो अर्नव निर्णायक सेट में 5-2 की बढ़त पर थे और उनके पास पांच मैच अंक भी थे, लेकिन वह जीत नहीं सके थे। इस बार उन्होंने उस हार का शानदार जवाब दिया है। मुकाबले के बाद अर्नव ने कहा कि पिछली हार उनके दिमाग में जरूर थी, लेकिन अब वह मानसिक रूप से पहले से कहीं अधिक मजबूत हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब वह खुद से कहते हैं कि यह सिर्फ एक टेनिस मैच है और इसी सोच ने उन्हें शांत रहकर बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की है।

# 32 साल बाद 6 यूरोपियन टीमें क्वार्टर फाइनल में

### लैटिन अमेरिका से एक और अफ्रीका से एक-एक टीम एशिया की कोई टीम नहीं



**न्यूयॉर्क।** 2026 फीफा वर्ल्ड कप अब अपने सबसे रोमांचक और निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। इस बार के क्वार्टर फाइनल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि 32 साल बाद अंतिम-8 में 6 यूरोपियन (यूएफा) टीमों ने अपनी जगह बनाई है।

वर्ल्ड कप के इतिहास में यह केवल चौथी बार है, जब यूरोप का ऐसा ऐतिहासिक दबदबा देखने को मिला है। इससे पहले, सिर्फ 1994 (7 टीम), 1958 (7 टीम) और 1934 (8 टीम) में ही क्वार्टर फाइनल में 6 से ज्यादा यूरोपियन टीमें पहुंची थीं।

इस बार क्वार्टर फाइनल में जो 8 टीमें खिताबी जंग के लिए तैयार हैं, वे अर्जेंटीना, बेल्जियम, इंग्लैंड, फ्रांस, मोरक्को, नॉर्वे, स्पेन और स्विट्जरलैंड हैं। मैदान पर अर्लिंग हालेंड, हैरी केन, किलियन एमबाप्पे, लियोनेल मेसी और लामिने यमाल जैसे दिग्गजों का जमावड़ा होगा। यह मुकाबला 2022 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल का 'रीमैच' है। 27 वर्षीय कप्तान किलियन एमबाप्पे 103 इंटरनेशनल मैचों में 63 गोल के साथ फ्रांस के ऑलटाइम टॉप स्कोरर हैं। यह उनका तीसरा वर्ल्ड कप है। पहले दो में वह क्रमशः चैम्पियन और रनर-अप रहे हैं। 2022 में सेमीफाइनल में पहुंचने वाला पहला अफ्रीकी देश बना मोरक्को अब फाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगा। चोटिल स्ट्राइकर इस्माइल सैबारी की फिटनेस चिंता का विषय है, लेकिन उनके खेलने की उम्मीद है। मिडफील्डर अजेदीन ओनाही (कनाडा के खिलाफ 2 गोल) और ब्राहिम डियाज व अचरफ हकीमी (3 असिस्ट) टीम को खतरनाक बनाते हैं। फ्रांस जीत का प्रबल दावेदार है, लेकिन मोरक्को उलटफेर करने में सक्षम है।

यह मुकाबला स्पेन के रिकॉर्ड-तोड़ डिफेंस और बेल्जियम के अनुभवी अटैक की जंग है। स्पेन ने इस वर्ल्ड कप में अब तक एक भी गोल नहीं खाया है। मार्क कुकुरेला, आयमेरिक लापोर्टे, पाउ कुबार्सी, पेड्रो पोरो और गोलकीपर उनाई सिमोन स्पेन के डिफेंस की मजबूती हैं।

बेल्जियम पिछले दो मैचों में 9 गोल कर शानदार फॉर्म में है। 34 वर्षीय थिबो कोर्टुआ, 33 वर्षीय रोमेलु लुकाकू, 35 वर्षीय केविन डि ब्रुएन और 31 वर्षीय लिएंड्रो ट्रॉसार्ड टीम की ताकत हैं।

### द्रोणाचार्य मानते हैं कि हर पाठ उनके शिष्यों को कौशल और मूल्यों दोनों में मजबूत बनाए : जीतन लालवानी

**मुंबई।** सोनी सब का शो हस्तिनापुर के वीर पांडवों और कौरवों के अनकहे बचपन की यात्रा को जीवंत करता है। इस सफर में युवा राजकुमार ऐसे सबक सीखते हैं जो उनके भविष्य को आकार देंगे। जैसे ही वे अपने जीवन के नए चरण की तैयारी कर रहे हैं, वे उस गुरु से मिलने वाले हैं जो उनके भविष्य पर गहरी छाप छोड़ेंगे। आने वाले एपिसोड्स में गुरु द्रोणाचार्य (जितेन लालवानी) पांडवों और कौरवों के जीवन में एक शानदार प्रवेश करते हैं। पांडव एक अद्भुत दृश्य देखते हैं जब गुरु द्रोणाचार्य केवल घास की तीलियों का इस्तेमाल करके गहरे कुएँ से उनका गेंद निकाल लेते हैं। उनकी बेजोड़ कला और बुद्धिमत्ता देखकर युवा राजकुमार उनके शिष्य बनने के लिए उत्सुक हो जाते हैं। उनकी असाधारण क्षमताओं को पहचानते हुए भीष्म पितामह (मनीष वाधवा) पांडवों को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हैं गुरु द्रोणाचार्य को ढूंढकर उन्हें अपना गुरु बनने के लिए राज़ी करना। इस मिशन पर निकलते हुए भाइयों को ऐसी अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो उनके साहस, दृढ़ता और एकता की परीक्षा लेती हैं। युवा राजकुमार गुरु द्रोणाचार्य के शिष्य बनने योग्य स्वयं को कैसे सिद्ध करेंगे? आगामी ट्रैक के बारे में बात करते हुए जितेन लालवानी ने साझा किया, द्रोणाचार्य केवल अपने ज्ञान के लिए ही नहीं बल्कि उस अनुशासन और मूल्यों के लिए भी सम्मानित हैं जिन पर वे विश्वास करते हैं। उनके लिए शिक्षा का मतलब सिर्फ महान योद्धा तैयार करना नहीं है, बल्कि मजबूत चरित्र बनाना और अपने शिष्यों को जिम्मेदारी, एकाग्रता और आत्मनियंत्रण का सही अर्थ समझाना है। मुझे द्रोणाचार्य की सबसे बड़ी बात यही लगती है कि वे मानते हैं कि हर सबक उनके छात्रों को कौशल और मूल्यों दोनों में मजबूत बनाए।



## उद्यमिता अनुसंधान में भारत की वैश्विक पहचान को और मजबूत बना रहा ईडीआईआई का जर्नल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप



**नई दिल्ली/रायपुर।** शोध पत्रिका स्कोपस, वेब ऑफ साइंस के एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद की ओर से सेज पब्लिकेशन्स द्वारा प्रकाशित पीयर-रिव्यूड जर्नल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप (जेओई) एक प्रतिष्ठित त्रैमासिक शोध पत्रिका है। जर्नल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है और उद्यमिता अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय शैक्षणिक प्रभाव कायम रखा है।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला के संपादन में प्रकाशित यह इमर्जिंग सोर्सेज सिटेशन इंडेक्स (ईएससीआई), एबीडीसी जर्नल क्वालिटी लिस्ट, इकॉनलिट (इकोनॉमिक्स लिटरेचर इंडेक्स), प्रोक्वेस्ट, एब्स्को (ईबीएससीओ - एल्टन बी. स्टीफेंस कंपनी) तथा एएनवीयूआर (इटैलियन नेशनल एजेंसी फॉर द इवैल्यूएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट्स) सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय इंडेक्सिंग प्लेटफॉर्म्स में सूचीबद्ध है।

# एनएमआईपीएल ने वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान नई निसान टेक्टोन को लांच किया



**नई दिल्ली/रायपुर।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज भारत में आयोजित वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान नई निसान टेक्टोन को लॉन्च किया। यह लॉन्चिंग कंपनी के उत्पाद विस्तार अभियान का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। प्रीमियम सी-एसयूवी सेगमेंट की यह पहली ऐसी एसयूवी है, जिसमें सभी वेरिएंट्स में 100 प्रतिशत टर्बोचार्ज्ड इंजन लाइन-अप दिया गया है। इसके साथ ही इसमें सेगमेंट के कई बेस्ट फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें 280 एनएम का टर्बो परफॉर्मेंस, गूगल बिल्ट-इन कनेक्टिविटी और 700 लीटर का क्लास-लीडिंग बूट स्पेस शामिल हैं।

वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान निसान के चीफ परफॉर्मेंस ऑफिसर गुइलॉम कार्टियर ने कहा हम भारत में निसान को पहले से अधिक मजबूत और प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। हम अपने एसयूवी पोर्टफोलियो को मजबूत कर रहे हैं और बाजार पर अपना फोकस बढ़ा रहे हैं। नई निसान टेक्टोन का वर्ल्ड प्रीमियर हमारे उस संकल्प को दिखाता है, जिसमें ग्लोबल प्रोडक्ट स्ट्रेंथ को स्थानीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप पेश किया जा रहा है। टेक्टोन इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि निसान किस तरह सार्थक बदलाव के साथ भविष्य के लिए तैयार और अधिक प्रतिस्पर्धी उत्पादों की दिशा में आगे बढ़ रही है। निसान के एएमआईईओ रीजन के चेयरपर्सन मैसिमिलानो मेसिना ने कहा भारत वर्तमान समय में विभिन्न बाजारों और क्षेत्रों में निसान की विकास यात्रा को नई गति दे रहा है। टेक्टोन हमारी वन कार, वन वर्ल्ड फिलॉसफी का मजबूत उदाहरण है। यह एक ग्लोबल प्रोडक्ट है, जिसकी इंजीनियरिंग भारत में की गई है, भारतीय ग्राहकों के लिए इसका निर्माण यहीं हुआ है और इसे कई निर्यात बाजारों के लिए भी विकसित किया गया है। इससे एक ग्रोथ इंजन और एसयूवी प्रोडक्शन हब के रूप में निसान के लिए भारत की भूमिका और मजबूत हुई है। निसान और इनफिनिटी के डीवीपी-प्रेसिडेंट (मिडल ईस्ट, केएसए, इंडिया एंड सीआईएस) थियरी सबाग ने कहा टेक्टोन हमारी क्षमताओं का मजबूत उदाहरण है।

## आधार हाउसिंग फाइनेंस पीएमएवाई के तहत छत्तीसगढ़ में किफायती आवास को देगा बढ़ावा

**भिलाई।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत भिलाई में किफायती आवास तक लोगों की पहुंच आसान बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में कंपनी 10 और 11 जुलाई को पीएमएवाई स्पॉट सैंक्शन कैंप आयोजित करेगी। इन कैंपों में पात्र ग्राहकों को पीएमएवाई की पात्रता, ब्याज सब्सिडी और होम लोन प्रक्रिया से जुड़ी पूरी जानकारी और सहायता एक ही स्थान पर मिलेगी। इससे भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर सहित छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों और छोटे कस्बों के ग्राहकों के लिए किफायती आवास तक पहुंच और आसान होगी। राज्य में अपनी 27 शाखाओं, जिनमें डीप इम्पैक्ट शाखाएं भी शामिल हैं, के जरिए आधार हाउसिंग फाइनेंस ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रहा है। पीएमएवाई के तहत कंपनी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के परिवारों को किफायती होम लोन उपलब्ध करा रही है, ताकि वे अपने घर के सपने को साकार कर सकें। सभी के लिए आवास के सरकारी लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए आधार हाउसिंग फाइनेंस विशेष पीएमएवाई स्पॉट सैंक्शन कैंप आयोजित कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक किफायती आवास की सुविधा पहुंच सके।

# कलेक्टर ने सिवनी स्थित कोसा कारखाना एवं ककून बैंक का किया निरीक्षण

### महिलाओं को विभागीय योजनाओं से जोड़ने,कोसा धागाकरण एवं हथकरघा बुनाई प्रशिक्षण को वृहद स्तर पर संचालित करने के दिए निर्देश



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सिवनी स्थित कोसा कारखाना एवं ककून बैंक का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों, प्रशिक्षण व्यवस्था तथा जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिले में कोसा धागाकरण एवं हथकरघा बुनाई को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को विभागीय योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने अधिकारियों से कहा कि ग्राम सिवनी स्थित कोसा कारखाना को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करते हुए बड़े पैमाने पर महिलाओं और युवाओं को कोसा धागाकरण एवं हथकरघा बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने पर फोकस करने कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोसा कारखाना परिसर में संचालित जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने जनपद पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि प्रशिक्षण एवं उत्पादन गतिविधियों का विस्तार शीघ्र किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान रेशम विभाग के श्री मधुप कुमार चंदन, हथकरघा विभाग के सहायक संचालक श्री सौरभ सिंह ठाकुर, हैंडलूम कॉलेज के श्री बिहारी लाल पटेल, एनसीएचएचडी के श्री रंगारी, जनपद पंचायत बलौदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित नायक तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुभागीय अधिकारी श्री सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में माय भारत जिला सलाहकार एवं समन्वय समिति की हुई बैठक



### माय भारत (मेरा युवा भारत) पोर्टल पर युवाओं के व्यापक पंजीयन की कार्ययोजना पर हुई विस्तृत चर्चा

समवेत शिखर संवाददाता

**अंबिकापुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में माय भारत (मेरा युवा भारत) पोर्टल पर युवाओं के व्यापक पंजीयन को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला सलाहकार एवं समन्वय समिति के सभी सदस्य, शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रवाल ने कहा कि युवाओं के सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माय भारत (मेरा युवा भारत) पोर्टल संचालित की जा रही है। यह पोर्टल पंजीकृत युवाओं को अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (श्वस्क्क) तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों में सहभागिता के बहुमूल्य अवसर प्रदान करेगा। ये अवसर युवाओं के सर्वांगीण विकास और नेतृत्व क्षमता को निखारने में अत्यंत सहायक हैं। इसलिए सभी विभाग समन्वित प्रयास करते हुए अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन कर अभियान को सफल बनाएं।

इस दौरान 15 अगस्त तक जिले के अधिक से अधिक युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से विशेष अभियान चलाकर पात्र युवाओं का अधिकतम पंजीयन कराया जाए। साथ ही पंजीयन कार्य की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

माय भारत के जिला युवा अधिकारी ने बताया कि माय भारत विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं को जोड़ने, उनकी क्षमताओं का विकास करने तथा उन्हें विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनाने का राष्ट्रीय मंच है। उन्होंने जानकारी दी कि 1 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक विशेष पंजीयन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा पंजीयन करा सकते हैं। इच्छुक युवा mybharat.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

# दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का प्रथम वार्षिकोत्सव हुआ

- सरगुजा में संभागीय स्तरीय अनुश्रवण कार्यक्रम आयोजित
- लखपति दीदियों ने साझा किए सफलता के प्रेरक अनुभव



समवेत शिखर संवाददाता

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अभिनव पहल तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित रेडियो कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' ने आज अपने सफल प्रसारण का एक वर्ष पूर्ण कर लिया। इस अवसर पर राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, वहीं जिला पंचायत सरगुजा के सभाकक्ष में संभागीय स्तरीय प्रसारण अनुश्रवण (Listening & Monitoring) कार्यक्रम आयोजित किया गया।

'दीदी के गोठ' कार्यक्रम का प्रसारण प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को दोपहर 2 बजे आकाशवाणी के सभी प्रादेशिक केंद्रों से किया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की सफल महिला सदस्य अपने संघर्ष, उपलब्धियों और आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियां साझा करती हैं, जिससे प्रदेश की हजारों महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।

सरगुजा जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, उपाध्यक्ष श्री देवनारायण यादव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या सिसोदिया एवं श्रीमती राधा रवि सहित सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों से आई 'बिहान' योजना की लखपति दीदियाँ उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से 'दीदी के गोठ' के 12वें एपिसोड का श्रवण किया। इसके पश्चात लखपति दीदियों ने अपने संघर्ष, चुनौतियों तथा 'बिहान' योजना से जुड़कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरक यात्राओं को साझा किया। जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें स्वरोजगार, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

सायंकाल रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का मुख्यमंत्री एवं उप-मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में सीधा प्रसारण देखा गया। इसके उपरांत जिला पंचायत सरगुजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए कहा कि 'दीदी के गोठ' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास, स्वावलंबन और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन चुका है।कार्यक्रम का समापन महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक नेतृत्व एवं ग्रामीण आजीविका को नई दिशा देने के संकल्प के साथ किया गया।

# महिला साक्षरता को पंख: कुड़पानी में जल्द शुरू होगा 'उल्लास' साक्षरता केंद्र, ग्रामीणों ने लिया पूर्ण साक्षरता का संकल्प



समवेत शिखर संवाददाता

**अंबिकापुर।** जिला साक्षरता प्राधिकरण, सरगुजा के अंतर्गत संचालित 'उल्लासङ्कनवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के तहत विकासखंड लुण्ड्रा के ग्राम कुड़पानी में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम कुड़पानी स्थित प्राथमिक शाला में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना था। इस खास अवसर पर विद्यालय में नए बच्चों के स्वागत के लिए 'शाला प्रवेश उत्सव' भी बेहद उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

ग्रामीण क्षेत्र में महिला साक्षरता की मुहिम को धरातल पर उतारने के लिए ग्राम कुड़पानी में जल्द ही एक नए साक्षरता केंद्र की शुरुआत की जाएगी। इस अभियान को मजबूती देने के लिए ग्राम के उपसरपंच ने गांव में साक्षरता केंद्र के नियमित संचालन के लिए अपनी सहमति और स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि महिलाओं को साक्षर और स्वावलंबी बनाने के इस आगामी महाअभियान में वे हरसंभव सहयोग देंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को महिला शिक्षा के महत्व और साक्षरता के सामाजिक व आर्थिक फायदों के बारे में विस्तार से समझाया गया, ताकि केंद्र शुरू होने पर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इस मुहिम से जोड़ा जा सके।

इस गरिमामयी कार्यक्रम के सफल आयोजन में समभाव महिला मंच की सदस्याओं सुश्री वंदना दत्ता, नीलिमा गोयल, सपना चोपड़ा, सुनीता चोपड़ा, बरखा चोपड़ा, अंजना परिहार एवं आशा राणा के साथ-साथ प्राथमिक शाला कुड़पानी की प्रधानपाठिका श्रीमती ममता गुप्ता, ग्राम के उपसरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का सराहनीय सहयोग रहा। इसके साथ ही तनुश्री मिश्रा ने कार्यक्रम के सफल समन्वय, बेहतर संचालन और आगामी साक्षरता केंद्र के प्रति जनजागरूकता फैलाने में विशेष और महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि केंद्र की शुरुआत होते ही ग्राम की अधिक से अधिक महिलाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा और पूरे गांव को पूर्ण साक्षर बनाया जाएगा।

# जिले के 15 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों का किया गया नष्टीकरण

समवेत शिखर संवाददाता



**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा कुल 15 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण की प्रक्रिया इंद्रा पावर जैन प्राइवेट लिमिटेड नयनपुर गिरवरगंज जिला सूरजपुर में विधिपूर्वक संपन्न की गई।

यह कार्रवाई जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति के मार्गदर्शन में की गई, जिसके अंतर्गत एनडीपीएस अधिनियम के तहत जब्त मादक पदार्थों का निपटान किया गया। कुल 15 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों में 44.155 किलोग्राम गांजा, 1478 नग इंजेक्शन, 2610 नग टेबलेट और 110 नग कफ सिरप को विधिवत नष्ट किया गया।

यह नष्टीकरण कार्रवाई समिति के अध्यक्ष डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.), अन्य सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों एवं जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीकान्त गायकवाड़ तथा पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्रवाई की पूरी पारदर्शिता के लिए मौके पर फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी की गई। कार्रवाई से पूर्व समस्त प्रकरणों की विस्तृत सूची एवं आवश्यक दस्तावेजों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था तथा नष्टीकरण की सूचना संबंधित विभागों एवं माननीय न्यायालय को अग्रिम रूप से दी गई थी। नष्टीकरण कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय से डीसीआरबी शाखा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक गंभीर साय, प्रधान आरक्षक अनिल?र्कि (अनिल तिर्की) एवं आरक्षक अजय यादव उपस्थित रहे।

# प्रेमनगर की लो-वोल्टेज समस्या का हुआ समाधान

- ट्रांसफार्मर बदले जाने से विद्युत आपूर्ति हुई सुचारू, पेयजल संकट से भी मिली राहत
- मोहल्लेवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति जताया आभार

समवेत शिखर संवाददाता



**पत्थलगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में संचालित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की त्वरित पहल से जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित प्रेमनगर मोहल्ले में लंबे समय से बनी लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान कर दिया गया है। विद्युत विभाग द्वारा कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो गई है, जिससे स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार, प्रेमनगर के रहवासियों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर बताया था कि पूरे मोहल्ले में केवल एक ट्रांसफार्मर होने के कारण पिछले कई दिनों से लगातार लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई थी। इसके चलते घरों में लगे विद्युत उपकरण सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहे थे। वहीं, कुओं और बोरवेल की मोटरें भी नहीं चलने से पेयजल संकट गहरा गया था और लोगों को दैनिक उपयोग के लिए पानी की व्यवस्था करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को बदलते हुए नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया। इसके बाद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू हो गई और लो-वोल्टेज की समस्या पूरी तरह समाप्त हो गई।

समस्या के त्वरित समाधान पर प्रेमनगर के नागरिकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समय पर हुई कार्रवाई से न केवल बिजली व्यवस्था सामान्य हुई, बल्कि पेयजल संकट से भी राहत मिली है। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की संवेदनशील कार्यशैली और त्वरित समाधान की सराहना करते हुए इसे जनसमस्याओं के प्रभावी निराकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के माध्यम से आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई से लोगों को समय पर राहत मिल रही है और शासन के प्रति उनका विश्वास निरंतर मजबूत हो रहा है।

# संदिग्ध व्यक्तियों व मुसाफिरों की जांच पहचान एवं निर्वासन के लिए चलाया गया सघन जांच अभियान

समवेत शिखर संवाददाता



**अंबिकापुर।** जिले की क़ानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ करने, अपराधों की रोकथाम समेत नियंत्रण करने की दिशा मे डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा श्री राजेश अग्रवाल (भा.पु.से.) के दिशा निर्देशन मे सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अपने अपने थाना/चौकी छेत्रो मे बाहरी प्रांतो से आये एवं वर्तमान मे जिले मे निवासरत व्यक्तियों की जांच पहचान कर मुसाफिरी दर्ज करने एवं संदिग्धो के विरुद्ध सख्ती से अग्रिम वैधानिक कार्यवाही किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे।

निर्देशों के परिपालन मे विभिन्न थाना/चौकी पुलिस टीमो द्वारा दौरान चेकिंग अभियान किराए में निवासरत व्यक्तियों, निचली बस्तियों, अंदरूनी कालोनीयों, पान ठेला, गुमटी संचालको, होटेलों, एवं अन्य व्यवसायिक संस्थानों मे बाहर से आकर कार्यरत व्यक्तियों, बस ट्रक संचालको के यहाँ कार्यरत चालक, कंडक्टर, क्लीनर एवं अन्य व्यवसायिक वाहनों मे कार्यरत व्यक्तियों की जांच कर सम्बंधितो को उनका पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, मौके पर पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेजो की जांच परख की गई, पुलिस टीम को प्राप्त पहचान पत्रों का भौतिक सत्यापन कर मकान मालिकों, व्यवसायिक संस्थानों के संचालको को कार्यरत व्यक्तियों एवं किरायदारों से संबंधित जानकारियों को थाने में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, बस ट्रकों मे कार्यरत व्यक्तियों की बारीकी से चेक की गई, इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा थाना अंतर्गत विभिन्न होटल, ढाबा की चेकिंग कर संस्थानों मे कार्यरत व्यक्तियों की जानकारी भी प्राप्त की गई, साथ ही मकान मालिकों एवं होटल संचालको को किसी किरायदार अथवा होटल मे ठहरे व्यक्तियों के संदिग्ध आचरण पर उनकी जानकारी सरगुजा पुलिस के सम्बंधित थाने या हेल्पलाइन नंबर पर देने की सख्त समझाईस दी गई।

सघन जांच अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा लगभग 125 मकानों, व्यवसायिक संस्थानों, बस ट्रक संचालको, के यहाँ कार्यरत एवं निवासरत लगभग 450 व्यक्तियों के पहचान पत्र के आवश्यक सत्यापन किया गया, सत्यापन पश्चात आस पास के निवासरत लोगो को अपने छेत्र मे बाहरी व्यक्तियों के निवास करने की सुचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए, सरगुजा पुलिस द्वारा संदिग्ध गतिविधियों अथवा आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों, मुसाफिरो की पहचान हेतु सघन जांच अभियान सभी थाना/चौकी छेत्रो मे चलाया जा रहा है, डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन एवं संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश भी दिए गए है।

सरगुजा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि आपके आसपास अवैध रूप से रह रहे, छिप कर रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों/मुसाफिरो के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर उक्त सूचना को त्वरित रूप से सरगुजा पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 9479193599 अथवा डायल 112 पर प्रदाय करें, जिससे सूचना की तस्दीकी एवं वैधानिक कार्यवाही पुलिस टीम द्वारा किया जा सके, सूचना देने वाले व्यक्तियों की जानकारी पुलिस टीम द्वारा पूर्णतः गोपनीय रखी जायगी।

# 'छत्तीसगढ़ का शिमला' बना बाइकर्स गैंग का अड्डा! तेज रफ्तार और मॉडिफाइड साइलेंसर के शोर से कांपा मैनपाट

### सुकून की तलाश में पहुंचे पर्यटक हुए परेशान, परिवारों ने उठाई कार्रवाई की मांग-'शांति बचाइए, स्टंटबाजों पर लगाम लगाइए

समवेत शिखर संवाददाता



**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मैनपाट, जिसे अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और शांत वातावरण के कारण ÷छत्तीसगढ़ का शिमला÷ कहा जाता है, इन दिनों तेज रफ्तार और मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों के शोर से गूंज रहा है। सुकून और ठंडी वादियों का आनंद लेने आने वाले पर्यटकों को अब बाइकर्स गैंग के शोर-शराबे और लापरवाह राइडिंग का सामना करना पड़ रहा है।

पर्यटकों और स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ युवक मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज धमाकेदार आवाज के साथ सड़कों पर बाइक दौड़ाते हैं। कई बार ये बाइकर्स तेज रफ्तार में स्टंटबाजी जैसी हरकतें भी करते हैं, जिससे न सिर्फ पर्यटकों की शांति भंग होती है बल्कि दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

परिवार के साथ घूमने आए पर्यटकों का कहना है कि मैनपाट की पहचान उसकी प्राकृतिक सुंदरता और सुकून भरे माहौल से है, लेकिन कुछ युवकों की लापरवाही इस खूबसूरत पर्यटन स्थल की छवि को धूमिल कर रही है। लगातार गूंजती तेज आवाजें बच्चों, बुजुर्गों और अन्य पर्यटकों के लिए भी परेशानी का कारण बन रही हैं।

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि मॉडिफाइड साइलेंसर, तेज रफ्तार और नियम तोड़ने वाले बाइकर्स के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मैनपाट की प्राकृतिक शांति और पर्यटन की गरिमा बनी रहे।

**÷वादियों में सुकून की तलाश**-लेकिन गूंज रहा है मॉडिफाइड साइलेंसर का शोर! क्या मैनपाट की शांति बचा पाएगा प्रशासन?